**एक नजर**

## जिला महिला अध्यक्ष सीमा अनंत ने फूलो देवी नेताम को गुलदस्ता भेंटकर आभार जताया



**कवर्धा, 14 मार्च।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा के निर्देश पर छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस द्वारा लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए श्रीमती फूलो देवी नेताम सांसद राज्यसभा व प्रदेश अध्यक्ष महिला कांग्रेस ने जिलाध्यक्षों व प्रदेश पदाधिकारियों में नई नियुक्तियाँ करते हुये कबीरधाम ज़िले श्रीमती सीमा अनंत पूर्व ज़िला पंचायत अध्यक्ष को ज़िले की जवाबदारी सौपी है ।, श्रीमती अनंत की पार्टी में सक्रिय भूमिका व अनुभव को मद्दे नहर रखते हुये पूर्व केबिनेट मंत्री माननीय मो. अकबर के सहमति से उन्हें अवसर दिया गया है । श्रीमती सीमा अनंत महिला कांग्रेस के ज़िलाध्यक्ष बनी ,कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है श्रीमती अनंत की नियुक्ति पर पूर्व मंत्री मो . अकबर , ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष होरी साहू , पूर्व क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल नीलकंठ चन्द्रवंशी श्री लाल जी चंद्रवंशी, लालबहादुर चंद्रवंशी,श्रीमती गंगोत्री योगी ,पारस बँगानी , रानू दुबे,विजय पांडे ,नीलकंठ साहू, जोहन खांडे,चोवा साहू नारायणी टोंडर तरणी ठाकुर विद्या साहू प्रभाती मरकाम, डा प्रदीप चंद्राकर , पंचु कोशरिया बाबुदास गोप,शिव महंत अधिवक्ता कमलेश , नवीन जायसवाल, मनीष शर्मा , डाश्रीमती लीला वर्मा ,सावित्री साहू अध्यक्ष सहित पार्टी के पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा शुभकामनायें दी है ।

## रीता-भारती-मुखविंदर और लोकेश बने विधायक प्रतिनिधि



**भिलाई, 14 मार्च।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने आज 4 और विधायक प्रतिनिधि बनाने की घोषणा की है। सेन ने कहा कि भाजपा पूरे भारतवर्ष में जनाधार के साथ हर भारतीय की पसंद बनती जा रही है, लोकसभा चुनाव सहित छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार के समर्थन में हजारों लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। जनता की सेवा और राज्य तथा केंद्र सरकार की जन उपयोगी योजनाओं को घर घर जन जन तक पहुंचाने हम सभी संकल्पित हैं। वैशाली नगर भाजपा टीम को और भी मजबूत बनाने आज 4 और विधायक प्रतिनिधि बनाए गए हैं जिन्हें जल्द वार्ड, निगम, शिक्षा, चिकित्सा, खेल, रोजगार के क्षेत्र में सेवा की जिम्मेदारी देते हुए अहम दायित्व विधायक प्रतिनिधि के रूप में सौंपा जाएगा। आज जो चार विधायक प्रतिनिधि बनाए गए हैं उनमें हाउसिंग बोर्ड निवासी मुखविंदर सिंह, श्रीमती रीता सिंह, अनुष्ठा रेसीडेंसी निवासी श्रीमती भारती साहू और लोकेश कुमार शामिल हैं।

## बीएसपी ने ग्राम जरारोदा में लगाए 62 स्ट्रीट लाइट



**भिलाई, 14 मार्च ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा कुटेश्वर माइन्स के समीपस्थ ग्राम जरारोदा में 62 स्ट्रीट एलईडी लाइट लगाया गया है। जरारोदा में इन स्ट्रीट लाइट की स्थापना के लिए बीएसपी ने राशी प्रदत्त की है। संयंत्र, सदैव ही अपने परिधीय क्षेत्रों के ग्रामों के विकास के लिए उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराता है।

# पीएम नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों को सूरज पोर्टल की सौगात दी



भिलाई, 14 मार्च। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर में लोगों को सूरज पोर्टल की सौगात दी। राष्ट्रीय पोर्टल सामाजिक उत्थान और रोजगार पर आधारित है। वंचितों को रोजगार के लिए ऋण प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री मंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअली सम्बोधित करते हुए कहा कि पीएम सूरज योजना के तहत आर्थिक सामाजिक सशक्तिकरण योजनाओं के तहत विगत वर्षों में लाभांवित हुये हितग्राहियों को योजना के संबंध में जानकारी देने एवं भविष्य में इनके आर्थिक विकास हेतु राष्ट्रीय स्तर पर संचालित अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सफाई कामगार वर्ग के लोगों को आर्थिक लाभ देकर विकास की धारा से जोड़ने मुख्य उद्देश्य है। प्रधानमंत्री ने देशभर में अलग-अलग राज्यों से पिछड़े वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग लाभार्थियों से भी बातचीत की। समाज के सबसे असहाय वर्गों को उठाना हमारा उद्देश्य है। इस पोर्टल के माध्यम से वंचित समुदाय के लोगों को सीधे आर्थिक सहायता दी जाएगी। कही भी चक्कर लगाने की जरूरत नही है। नमस्ते योजना से सफाई कर्मचारियों का जीवन बेहतर होगा। सम्मान जनक जीवन की व्यवस्था इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल रूप से पीएम-सूरज राष्ट्रीय पोर्टल लांच किया। जिले में यह कार्यक्रम पद्मनाभपुर के स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित किया गया । इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर एवं गजेन्द्र यादव, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, आयुक्त नगर निगम दुर्ग लोकेश चंद्राकर सहित राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, अंत्यावसायी निगम द्वारा संचालित अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सफाई कामगार वर्ग के लाभार्थियों उपस्थिति थे। कार्यक्रम के अंत में अंत्यावसायी कार्यालय द्वारा अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के सफल 08 लाभार्थियों को ऋण मुक्त प्रमाण पत्र एवं जय अन्नपूर्णा स्व-सहायता समूह नगपुरा के 15 आवेदकों के समूह को टीफिन/मध्यान भोजन व्यवसाय हेतु 3.00 लाख रूपये का ऋण, संध्या स्व-सहायता समूह ग्राम बिरेझर की 25 आवेदकों के समूह को सिलाई कार्य हेतु 5.00 लाख रूपये का ऋण एवं छत्तीसगढ़ महतारी स्व-सहायता समूह ग्राम डूमरडीह के 22 आवेदकों के समूह को 4.40 लाख रूपये का ऋण मिलेट्स के उत्पादकों की ब्रिकी हेतु ऋण का चेक वितरीत किया गया। राष्ट्रीय निगम की योजना के तहत जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु ऋण उपलब्ध कराया गया है। कृष्णा नगर सुपेला भिलाई जिला दुर्ग निवासी कु. तृप्ति बंजारे पिता डेरेश्वर कुमार बंजारे (29 वर्ष) को 1 लाख रुपए की राशि ऋण में दी गई। तृप्ति को योजनांतर्गत मेडिकल स्टोर्स व्यवसाय हेतु वर्ष 2021 में 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से 5 वर्ष की अवधि हेतु ऋण स्वीकृत किया गया उनके द्वारा सफलतापूर्वक मेडिकल स्टोर्स का संचालन कर नियमित रूप से वितरित ऋण की मूलधन व ब्याज अदा किया गया। 5 वर्ष की समयावधि के पूर्व ही इनके द्वारा मूलधन एवं ब्याज की राशि पटा दी गई जिसमें नियमानुसार इन्हे ब्याज में छूट भी प्रदाय किया गया एवं उन्हे आत्मनिर्भर बनने एवं समयावधि के पूर्व ही ऋण राशि व्याज सहित वापस किये जाने के कारण ऋण मुक्त प्रमाणपत्र दिया गया। इसी प्रकार कृष्णा नगर सुपेला भिलाई की कुमारी तृप्ति बंजारे को 1 लाख रूपए मेडिकल स्टोर्स के लिए, पदमनाभपुर दुर्ग के कुलदीप कोर्सेवाड़ा को 2 लाख रूपए रेडिमेंट कपड़ा व्यवसाय के लिए, पोटिया बस्ती के जयप्रकाश पाटिल को 2 लाख रूपए टेलरिंग वर्क के लिए, राजीव नगर की कुमारी अंजली साहू को 1 लाख रूपए कपड़ा व्यवसाय के लिए, ग्राम नगपुरा निवासी श्रीमती भारती सिन्हा को 1 लाख रूपए कम्प्यूटर सेंटर व्यवसाय के लिए, ग्राम पाउवारा निवासी श्रीमती तारा साहू को एक लाख रूपए फोटोकापी एवं जनरल स्टोर्स के लिए, आर्य नगर कोहका की श्रीमती अनिता वर्मा को 1 लाख रूपए कपड़ा व्यवसाय के लिए प्रमाण पत्र दिया गया। इसी प्रकार ग्राम गोड़पेण्ड्री पाटन, जिला दुर्ग निवासी खोमन लाल खुटियारे पिता देवलाल खुटियारे (26 वर्ष) को मुर्गीपालन व्यवसाय हेतु 2 लाख रूपए की राशि ऋण स्वीकृत की गई। खोमन लाल को वर्ष 2016 में 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से 5 वर्ष की अवधि हेतु ऋण स्वीकृत किया गया। उनके द्वारा भी सफलतापूर्वक मुर्गी पालन व्यवसाय का संचालन कर नियमित रूप से वितरित ऋण को मूलधन व ब्याज की राशि पटाया गया। जिसके फलस्वरूप उन्हें ऋण मुक्त प्रमाण पत्र दिया गया।

**पूजा-अर्चना**



## कांग्रेस से सांसद प्रत्याशी भूपेश बघेल ने विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर पूजा की

**कवर्धा।** पूर्व सीएम और राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल ने महामाया मंदिर , भोरममेव मंदिर और कई मंदिरों में पहुंचकर पूजा की । पूजा के दौरान पंडरिया पूर्व विधायक ममता चंद्राकर , पूर्व पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य महेश चंद्रवंशी , जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष होरी राम सम साहू , जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सीमा अगम अनंत , पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नीलू चंद्रवंशी, सरपंच संघ रूपेंद्र वर्मा, युवा कांग्रेसी नेता वाल्मीकि वर्मा , कांग्रेसी नेता मनीष वर्मा एवं सैकड़ों कांग्रेसी उपस्थित रहे ।

## ग्राम डूमरडीह चिकित्सा शिविर में 111 लोगों का उपचार किया गया



**भिलाई, 14 मार्च ।** 13 मार्च को आदर्श इस्पात ग्राम डूमरडीह में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डूमरडीह में आयोजित चिकित्सा शिविर में कुल 111 लोगों की जांच करके उनको दवाई वितरण किया गया। शिविर में सीएसआर मेडिकल टीम से चिकित्सक डॉ अंकित घोष, फार्मासिस्ट अनिल सिंह, शुगर एवम बीपी परीक्षण के लिए श्रीमती रेखा देव व पंजीयनकर्ता शम्भू दयाल तथा विभाग की ओर से बुधेलाल उपस्थित थे। इसी क्रम में 14 मार्च को नारधा, 16 को कातरो, 18 को उमरपोटी, 20 को घुघसीडीह तथा 22 मार्च को महकाकला में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# पीएम जनमन योजना के तहत विभिन्न निर्माण कार्यों का किया गया भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,14 मार्च।** जनजाति समूह पीवीजीटी के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) योजना से वनांचल क्षेत्र विकास की ओर आगे बढ़ रहा है। आज पीएम जनमन योजना के तहत विभिन्न निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया गया। पीएम जनमन योजना बीहड़ जंगलों के बीच रहने वाली विशेष पिछड़ी जनजातियों का विकास का प्रकाश पहुंचाने में प्रभावी साबित हो रही है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से कबीरधाम जिले में पीएम जनमन योजना के तहत निर्माण कार्य के लिए करोड़ों रूपए की स्वीकृति मिली है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में तथा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कबीरधाम जिले में इस योजना में 56 बसाहट (पीजीटीवी) बसाहटों के सड़कों और विभिन्न निर्माण कार्यो को गति मिली है। कबीरधाम जिले के क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री श्री साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार प्रकट किया है।प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यो को भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशीराम धुर्वे, कासीराम, जनपद सदस्य नरेश चंद्रवंशी, झम्मन चंद्रवंशी, हुतेंद्र चंद्रवशी, सुनील मानिकपुरी, मनोज नायक, टेकराम चंद्रवंशी, नंदराज उइके, प्रताप धुर्वे, लक्ष्मण सत्यवंशी, संतोष बिझिया, कुलदीप चंद्रवंशी सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## डिप्टी सीएम शर्मा के निर्देश पर जिले के गन्ना किसानों को 63.92 करोड़ रुपए का भुगतान जारी



**कवर्धा,14 मार्च।** उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के निर्देश पर भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना द्वारा त्योहारी सीजन में गन्ना किसानों को 4.98 करोड़ रूपए का भुगतान जारी किया गया। उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर कारखाना प्रबंधन द्वारा पेराई सत्र 2023-24 में कुल 63.92 करोड़ का भुगतान किसानों को किया जा चुका है।उल्लेखनीय है कि इस पेराई सत्र में कुल 299580 मीट्रिक टन गन्ना की पेराई की जा चुकी है तथा 310366 क्विंटल शक्कर का उत्पादन हुआ है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना द्वारा वर्ष 2022-23 में गन्ना किसानों को 440 रूपए प्रति क्विंटल की दर से कुल भुगतान किया गया था, जिससे गन्ना किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई। कारखाना प्रबंधन द्वारा क्षेत्र के गन्ना किसानों से अपील किया गया है कि कृषक हित तथा कारखाना हित को देखते हुए ताजा, साफ-सुथरा बिना अगवा बिना जड़ के गन्ना कारखाना को आपूर्ति करें।

## सांसद संतोष पाण्डेय की अनुशंसा पर निर्माण कार्यों के लिए 28.98 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति



**कवर्धा,14 मार्च।** सांसद संतोष पाण्डेय की अनुशंसा पर कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे द्वारा जिले के निर्माण कार्य के लिए 28 लाख 98 हजार 900 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। निर्माण कार्य के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत बोड़ला, सहसपुर लोहारा, कवर्धा और कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग कवर्धा को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है।स्वीकृत कार्यो में कबीरधाम जिले के बोड़ला नगर पंचायत के वार्ड 13 में चबुतरा निर्माण कार्य के लिए 01 लाख रूपए, सहसपुर लोहारा के वार्ड 09 में सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 5 लाख रूपए, रामनगर कवर्धा के वार्ड 01 शिवाजी कॉलोनी मे सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए 8 लाख रूपए और बोड़ला में सामुदायिक भवन परिसर वार्ड 10 में आहाता निर्माण कार्य के लिए 14 लाख 98 हजार 900 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है।

## विधायक भावना बोहरा की अनुशंसा पर निर्माण कार्यो के लिए 3.20 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति



**कवर्धा,14 मार्च।** पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा की अनुशंसा पर कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे द्वारा पंडरिया विधानसभा के निर्माण कार्य के लिए विधायक मद से 03 लाख 20 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। निर्माण कार्य के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कवर्धा को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है। विधायक मद से पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंडरिया ग्राम पंचायत लघान में सीसी रोड़ निर्माण कार्य के लिए 3 लाख 20 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है।

## भीषण गर्मी से बच्चे और माता-पिता चिंतित स्कूल सुबह खोलन की जा रही है मांग

**कवर्धा,14 मार्च।** कबीरधाम जिले में बहुत तेज धूप और भीषण गर्मी बढ़ गई है और बच्चे और उनके माता पिता भी कहते है की स्कूल सुबह सात बजे से लेकर ग्यारह बजे तक खुलना चाहिए जिससे की बच्चो पर कड़ी धूप का असर ना पड़े । दोपहर में स्कूल खुलने के कारण बच्चे चेहरे पर पसीना पोछते हुए देखें जाते है और माता पिता भी कहते है की सुबह स्कूल खोलने पर शिक्षा मंत्री को विचार करना और जिला प्रशासन को भी इस और ध्यान देना चाहिए । बच्चे की माता संतोषी मानिकपुरी ने कहा की धूप कितनी तेज है और बच्चे दस बजे घर से निकलते हैं स्कूल के लिए और वापस धूप में भी घर आते है चिंता होती है की कही तबियत ना खराब हो जाए । बच्चे भी स्कूल से वापस लौटते हुए कहा की बहुत गर्मी है सुबह स्कूल खुलने चाहिए क्योंकि बहुत तेज धूप रहती है । सुबह सात बजे से सुबह ग्यारह बजे तक स्कूल खुले ऐसी सरकार से मांग है । चाचा बलराम कुंभकार ने भी कहा की बहुत गर्मी बढ़ गई हैं सुबह स्कूल खुलने चाहिए । सुनील जैन ने भी कहा की गर्मी बहुत बढ़ गया है बच्चो के लिए सुबह स्कूल खुले तो बहुत अच्छा होगा । सबसे बड़ी चिंता होती है की ज्यादा धूप से लू की संभावना होती है । जिनके एग्जाम नही हो रहे है उनके लिए सुबह स्कूल खोलने पर सरकार और जिला प्रशासन को विचार करना चाहिए ।

## सहकारी समिति पाटन रही प्रथम स्थान पर



उतई,14 मार्च। सहकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए छग में प्रथम स्थान वृहत्ताकार सहकारी समिति मर्या. उतई को प्राप्त हुआ । सहकारिता मंत्री केदार कश्यप द्वारा दुर्ग जिले के उतई समिति को 25000 रु का चेक एवं प्रशस्ति पत्र देकर प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया संस्था के प्रबंधक गिरधर सोनी एवं प्राधिकृत अधिकारी द्वारा दिनांक 13 -3-2024 को पुरस्कार प्राप्त किये ।

## सेल-बीएसपी ने साबरमती वेल्डिंग प्लांट से 260 मीटर रेल पैनल की 10 रेक आपूर्ति की



**भिलाई, 14 मार्च ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के साबरमती (गुजरात) स्थित फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट (एफबीडब्ल्यूपी) से अब तक 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनल के दस रेक भारतीय रेलवे को भेजे जा चुके हैं। 6 नवंबर 2023 को 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनल का पहला रैक एफबीडब्ल्यूपी से भेजा गया था। भारतीय रेलवे को 10 रैक डिस्पैच किया जा चुका है तथा ग्यारहवीं रेक लोडिंग के लिए तैयार है। लगभग 940 टन वजन के 60 नग 260 मीटर रेल पैनल की लोडिंग एक रेक पर की जाती हैं। 260 मीटर लंबे वेल्डेड रेल पैनलों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए दिसंबर 2022 में भारतीय रेलवे के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद सेल-बीएसपी ने पश्चिमी रेलवे के साबरमती वेल्डिंग प्लांट का अधिग्रहण किया। एफबीडब्ल्यूपी, साबरमती में वेल्डिंग के लिए इनपुट रेल की आपूर्ति भिलाई इस्पात संयंत्र के रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से 26 मीटर लंबाई में की जा रही है। साबरमती में एफबीडब्ल्यूपी की सुविधाओं का उपयोग करके भिलाई इस्पात संयंत्र से लांग रेल पैनल आपूर्ति में बढ़ोत्तरी हुई है। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की ओर से साबरमती वेल्डिंग प्लांट का नेतृत्व कर रहे महाप्रबंधक और कॉन्ट्रैक्ट ऑपरेटिंग अथॉरिटी एम के साहू तथा इस प्लांट के लिए सेल-बीएसपी के नोडल ऑफिसर एवं मुख्य महाप्रबंधक अनीश सेनगुप्ता के मार्गदर्शन में साबरमती में टीम द्वारा एफबीडब्ल्यूपी से उत्पादन बढ़ाने के लिए समग्र प्रयास किए जा रहे हैं।

## निगम कमिश्नर ने वार्ड-3 में किया राशन कार्ड वितरण का निरीक्षण

**भिलाई, 14 मार्च ।** भिलाई-चरौदा निगम कमिश्नर ने अकलोरडीह वार्ड-03 में पहुंचकर राशन कार्ड वितरण का निरीक्षण किया। राशन कार्ड वितरण एवं पी.एम. स्वनिधी योजना के लिए शिविर में आवेदन स्वीकार किये जा करने की कार्यवाही जारी है। इनमें अंत्योदय, निराश्रित, प्राथमिक, निशक्तजन श्रेणी के राशन कार्ड शामिल है। समाचार लिखे जाने तक गरीबी रेखा से ऊपर जीवन यापन करने वाले परिवारों (ए.पी.एल.) श्रेणी के 9389, अंत्योदय श्रेणी के-



रहे है। नगर निगम भिलाई-चरौदा प्रशासन द्वारा प्रत्येक वार्ड में राशन कार्ड वितरण हेतु शिविर आयोजित किये जा रहे है। यह बता दे कि राशन कार्ड नवीनीकरण का कार्य शासन के निर्देशानुसार किया जा रहा है। ऑनलाइन आवेदन कर चुके हितग्राहियों को नवीनीकृत राशन कार्ड प्रदाय किये जा रहे है। निगम क्षेत्र के सभी 40 वार्डो में संबंधित वार्ड के सहायक राजस्व निरीक्षको द्वारा नवीनीकृत राशन कार्ड वितरण 2843, निराश्रित श्रेणी के-69, प्राथमिकता श्रेणी के-14682 एवं निःशक्तजन श्रेणी के-108 राशन कार्डो का वितरण किया कर लिया गया है। दिनांक 12 मार्च को अकलोरडीह वार्ड नम्बर-03 में आयोजित शिविर में निगम कमिश्नर डी.एस. राजपूत ने औचक पहुंचकर राशन कार्ड वितरण कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही समस्त उपस्थित अधिकारी/कर्मचारी को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।

## सहकारी समिति मर्यादित पाटन में किसानों को प्रमाणपत्र वितरित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई , 14 मार्च।** प्रदेश भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी के तहत किसानों से सरकार बनने के बाद किसानों से प्रति क्विंटल 3100 रुपये में धान खरीदी करने का वादा किया था परन्तु सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार द्वारा 12 मार्च को किसानों को उनके समर्थन मूल्य की राशि हस्तांतरित किये गए उनके उपलक्ष्य में पाटन सोसायटी में किसानों को प्रमाण पत्र दिया गया डाकोर देवांगन,छबिश्याम देवांगन,जितेन्द्र मिश्रा,ज्वाला देवांगन,केशव बंछोर,मुरलीधर देवांगन,दामोदर चक्रधारी,विजय सोनी,योगेश कश्यप,अनिल भाले,व्यासनारायण देवांगन,विष्णु ठाकुर,नेतराम वर्मा,मंटु धुरन्धर,भुनेश्वर देवांगन किसानों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया व मोदी की गारंटी को पूरा करने पर विष्णु देव साय की सरकार का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष योगेश निक्की भाले,सोसायटी के प्रबंधक सुकालू राम वर्मा, शेखर कश्यप केवल देवांगन,सागर सोनी,शेखर वर्मा,नारायण पटेल,टिकेन्द्र यादव मन्टु चदु साहु सहित सोसायटी के कर्मचारी उपस्थित थे।।

## विधायक के निर्देश के बाद खोपली की पानी टंकी निर्माण में आई तेजी



उतई, 14 मार्च। ग्रामीणों की शिकायत पर भाजपा कार्यकर्त्ताओं के द्वारा कार्यस्थल का दौरा कर पीएचई के अधिकारियों को जल्द काम पूर्ण करने के दिए थे निर्देश दुर्ग ग्रामीण विधानसभा विधायक ललित चंद्राकर के निर्देश पर दुर्ग जिले के दुर्ग विकासखंड के ग्राम पंचायत खोपली में पानी टंकी (उच्च स्तरीय जलागार) के निर्माण का काम तेजी से शुरू हो गया है। विगत दिनों एक कार्यक्रम में शामिल होने खोपली पहुंचे थे विधायक से ग्रामीणों ने पानी टंकी के निर्माण में लेट-लतीफी की शिकायत की थी। चंद्राकर ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्यस्थल का निरीक्षण कर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ पानी टंकी का निर्माण समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए थे। उनके निर्देश के बाद विभाग ने तुरंत ही पानी टंकी का निर्माण पूर्ण करने तेजी से काम प्रारंभ कर दिया है।पानी टंकी निर्माण से गांव के 678 परिवारों को स्वच्छ पेयजल का लाभ मिलेगा। भाजपा उतई मंडल के कार्यकर्त्ताओं ने विधायक ललित चंद्राकर का आभार व धन्यवाद माना इस अवसर पर उतई मंडल महामंत्री सोनू राजपूत,पुकेश चंद्राकर,भाजयुमों अध्यक्ष प्रवीण कुमार यदु,सतीश चंद्राकर, लक्ष्मीनारायण साहू,रूपेश पारख,नरेंद्र साहू,राजूलाल साहू,फलेंद्र सिंह राजपूत,शीतला ठाकुर,बिमला कामड़े,शुभम वर्मा,करण सेन,प्रमुख रूप से

## एक नजर

### सिहावा पुलिस ने सेमरा के साप्ताहिक बाजार में लगाया चलित थाना

**नगरी 14 मार्च।** थाना सिहावा पुलिस द्वारा ग्राम सेमरा के साप्ताहिक बाजार में गाँव के समस्या एवं शिकायत निवारण एवं सायबर संबंधी अपराध से बचने एवं नये कानून की जानकारी देने के लिए चलित थाना लगाया गया था। ग्राम सेमरा के साप्ताहिक बाजार में चलित थाना समस्या एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें बड़ी संख्या में आस पास के ग्रामीण एवं सेमरा के ग्रामवासी उपस्थित थे। इस दौरान ग्रामीणों से पुलिस को किसी प्रकार की पुलिस से संबंधित शिकायत नहीं मिली,ग्रामवासियों को साइबर,अपराध, महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित अपराध,पॉस्को एक्ट, गुड टच बैड टच एवं यातायात नियमों कि जानकारी दिया गया,शराब पीकर वाहन ना चलाने, दोपहिया वाहन में हेलमेट पहनने,तीन सवारी ना चलने कि समझाईश दिया गया एवं बैंक फ्राड,एटीएम फ्राड, चिटफंड कंपनी एवं महिलाओं से संबंधित अपराध के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। गांव में कोई बाहरी या संदिग्ध व्यक्ति की आने की सूचना एवं गांव में कोई भी सामाजिक बुराइयां जुआ,सट्टा, अवैध शराब एवं अनैतिक गतिविधियां होने पर उसकी सूचना तत्काल पुलिस थाने में देने सिहावा थाना एवं कंट्रोल रुम धमतरी का नंबर नोट कराया गया। आज के चलित थाने में थाना प्रभारी सिहावा उनि.उमाकांत तिवारी, सउनि. दुलाल नाथ, सउनि.यादव,आरक्षक टिकेश्वर साहू,मनोज बंजारे,मआर.नर्मदा साहू सहित सिहावा थाना के पुलिस एवं सेमरा के ग्रामवासी,महिलाएं,बच्चे अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 23 मार्च तक वार्डो में शिविर,

**राजनांदगांव 14 मार्च।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह जनवरी का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 1 मार्च 2024 से 23 मार्च 2024 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 15 मार्च को राजीव वार्ड नं. 42 के लिये पार्षद कार्यालय राजीव नगर में, सर्किट हाउस वार्ड नं. 43 के लिये आंगन बाडी भवन फिरंतीन मंदिर के पास में व बसंतपुर वार्ड नं. 46 के लिये हनुमान मंदिर बसंतपुर में, 16 मार्च को गुरूघासीदास वार्ड नं. 40 व नंदई वार्ड नं. 48 के लिये सामुदायिक भवन नंदई नाका में, झुलेलाल वार्ड नं. 41 के लिये झुलेलाल सामुदायिक भवन इंदिरा नगर मे एवं 18 मार्च को महावीर वार्ड नं. 37 के लिये गंजपारा स्कूल में, दिग्विजय वार्ड नं. 38 के लिये पार्षद कार्यालय ब्राम्हण पारा में व हीरामोती वार्ड नं. 39 के लिये सार्वजनिक भवन नागेश्वर मंदिर में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये शिविर का आयोजन किया जायेगा। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11ः30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह जनवरी 2024 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि समाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

### एकमुश्त राशि मिलने से किसान हीराराम खरीदेंगे कृषि जमीन

**राजनांदगांव 14 मार्च।** जिले के बिजनापुर के किसान श्री हीराराम वर्मा ने बताया कि उनके पास



25 एकड़ जमीन है। उन्होंने इस वर्ष 1100 से अधिक कट्टा धान बेचा है। श्री वर्मा ने बताया कि उन्हें कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत 3 लाख 75 हजार रूपए की आदान सहायता राशि मिली है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि आदान सहायता राशि का उपयोग खेती-किसानी बढ़ाने के लिए कृषि जमीन खरीदने एवं कृषि कार्य में करेंगे। उन्होंने कहा कि एकमुश्त राशि मिलने से कृषि जमीन खरीदने में आसानी जाएगी, जिससे खेती का रकबा बढ़ेगा। अच्छी खेती-बाड़ी करने के लिए भूमि सुधार भी कराने की बात कही। जिससे उनके आमदनी में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि वे डबल फसल लेते हैं। जिससे उनको अच्छा मुनाफा होता है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन ने सही समय पर किसानों के उपार्जित धान के अंतर की राशि देकर खेती-बाड़ी की चिंता दूर कर दी है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ श्री विष्णु देव साय ने बालोद जिले से कृषक उन्नति योजना अंतर्गत 24 लाख 72 हजार किसानों को 13 हजार 320 करोड़ रूपए आदान सहायता राशि का वितरण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश श्री मोहन यादव कृषि उपज मंडी राजनांदगांव में आयोजित कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि के वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान कृषक उन्नति योजना अंतर्गत राजनांदगांव जिले के 1 लाख 23 हजार 131 किसानों को उपार्जित धान के अंतर की राशि 638 करोड़ 23 लाख 84 हजार रूपए की राशि डीबीटी के माध्यम से किसानों के बैंक खाते में अंतरित किया गया।

### श्रीगायत्री प्रज्ञामण्डल भवन निर्माण के लिए सेमरा में भूमिपूजन

**अंवरी 14 मार्च।** गायत्री परिवार व समस्त ग्राम वासियों को वर्षो से प्रज्ञामण्डल भवन की बहुत आवश्यकता थी। ग्राम वासियों की मांग पर शासन द्वारा भवन निर्माण हेतु भूमि व राशि आबंटित की गई है। ग्राम के सरपंच बिनेश्वरी सिन्हा द्वारा भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम अध्यक्ष राजेश सिन्हा, ग्राम पटेल माधोराम साहू, गायत्री परिजन हृदय राम साहू, नोहरू राम साहू, लक्ष्मी नाथ साहू, भारत राम साहू, दिनेश कुमार साहू, संतोष साहू, शोभाराम सिन्हा, संजय साहू, तोमेश्वर मौर्यवंशी, कमलेश साहू, कृष्णा राजपूत, बिंदा निषाद व वरिष्ठ ग्रामीण जन श्री बाबूलाल निर्मलकर, श्री जगतपाल साहू आदि लोग उपस्थित थे।

# वंचित समूहों से पीएम ने किया सीधा संवाद,पीएम.सूरज राष्ट्रीय पोर्टल हुआ लॉच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 14 मार्च।** सामाजिक उत्थान और रोजगार पर आधारित और जनकल्याण के लिए वंचितों को वरीयता देने प्रधानमंत्री संवाद कार्यक्रम आज अपरान्ह 4 बजे आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने देश भर के एस.सी., ओ.बी.सी. एवं सफाई कर्मियों से सीधा संवाद किया तथा उनके द्वारा पी.एम. सूरज राष्ट्रीय पोर्टल लॉच किया गया। शासन आदेशानुसार निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने निर्देश पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगर निगम टाउन हॉल सभागृह में किया गया, जहॉ नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु सहित पार्षदों, अधिकारियों तथा सफाई मित्रों ने संवाद कार्यक्रम को देखा व सुना। कार्यक्रम में सफाई कर्मियों को सुरक्षा कीट तथा आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। संवाद कार्यक्रम में प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी ने सभी राज्यों में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनों से सीधा संवाद किया और सूरज पोर्टल के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार कई सारी योजनाओं का संचालन कर रही है, जिनमें राशन, आवास, पेंशन और बीमा जैसी अनेकों योजनाएं शामिल हैं। इस बीच समय-समय पर कई नई योजनाएं भी लॉन्च होती रहती है। इसी कडी में आज सूरज पोर्टल को लॉन्च किया किया गया। उन्होंने बताया कि योजना सामाजिक उत्थान और रोजगार पर आधारित और जनकल्याण के लिए है। इस पोर्टल के जरिए ऋ्रण सहायता स्वीकृत की जाएगी। इससे पात्र लोगों को ऋ्रण लेने में सुविधा मिलेगी। इस पोर्टल के जरिए लोग आसानी से लोन ले पाएंगे, जिसमें 15 लाख रुपये तक के बिजनेस लोन के लिए आवेदन किया जा सकेगा। इससे बैंक के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे और इसी पोर्टल के जरिए आवेदन किया जा सकेगा, जिसमें पीएम सूरज पोर्टल के जरिए वंचित वर्गो को लाभ मिल सकेगा। संवाद कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री जी ने 1 लाख पीपीई किट और नमस्ते आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड वितरीत किया तथा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय क्रियावली के तहत सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारियों को आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड और पीपीई किट भी वितरित किये, इस अवसर पर उन्होंने पात्र हितग्राहियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुये कहा कि योजना का प्रमुख उद्देश्य वंचितों को रोजगार एंव सहायता प्रदान करना है।

निगम सभागृह में आयोजित सीधा प्रसारण कार्यक्रम में उपस्थित निगम पदाधिकारियों ने सुरक्षा कीट एवं आयुष्मान कार्ड का वितरण किया, जिसके तहत सेप्टिक टैंक सफाई कर्मी श्री नीलेश देशलहरे व श्री कृष्णा संमुदरे को सुरक्षा कीट तथा सफाई कर्मी वीणा टण्डन, कुलेश्वरी ठाकुर, ज्योति बाई टण्डन, लोकेश्वरी साहू को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया।

# डिप्टी सीएम शर्मा ने विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा की



**राजनांदगांव 14 मार्च।** उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री विजय शर्मा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर शासन की विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यो की समीक्षा की। इस दौरान विधायक डोंगरगढ़ श्रीमती हर्षिता बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने सभी अधिकारियों से कहा कि शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत लक्ष्य लेकर कार्य करते हुए स्वसहायता समूह के माध्यम से 10 उत्पाद तैयार कराएं तथा उसकी मार्केटिंग कराएं। लक्ष्य लेकर कार्य करने से इसके बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत महतारी वंदन योजना एवं प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों को शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन शासन की महत्वपूर्ण योजना है। ग्रामसभा में इसके लिए प्रस्ताव स्वीकृत होना चाहिए। आने वाले समय में पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने ग्रीष्मकाल में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में पेयजल के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विशेष तौर पर किसानों को दिए जा रहे पंप के संबंध में विद्युत विभाग एवं लोक निर्माण विभाग से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कृषि कार्य के दौरान किसानों द्वारा सिंचाई की सुविधा के लिए कृषि पंप का उपयोग किया जा रहा है। इसमें आ रही दिक्कतों का समाधान प्राथमिकता से करें। उन्होंने जल संसाधन विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि किसानों के सिंचाई का रकबा बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों को ई-रिक्शा प्रदाय किया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि सभी अधिकारी उप मुख्यमंत्री के दिए गए निर्देशों का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए जिले में सभी अधिकारियों द्वारा निरंतर अच्छा कार्य किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने बताया कि मनरेगा अंतर्गत जिले में श्रमिकों की संख्या 10 प्रतिशत बढ़ी है तथा वर्तमान समय में 70 हजार से अधिक श्रमिक कार्यरत हैं। श्रमिकों का भुगतान 86 प्रतिशत हो गया है। 100 दिवस रोजगार पूर्ण किए गए परिवार 3422 है।

# समिति प्रबंधक की आत्महत्या की निष्पक्ष जांच हो:ईश्वर श्रीवास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 14 मार्च।** छिपा सोसायटी के समिति प्रबंधक द्वारा गत दिनों अपने घर में फांसी लगाकर की गई आत्महत्या के निष्पक्ष जांच की मांग जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ राजनांदगांव द्वारा जिला प्रशासन से की गई है। संघ के संयुक्त जिला अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास ने बताया कि छिपा समिति के समिति प्रबंधक गोवर्धन वर्मा के द्वारा आत्महत्या किए जाने के संबंध में बुधवार को जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर समिति प्रबंधक के द्वारा किए गए आत्महत्या के संबंध में सूक्ष्मता के साथ निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है। इस अवसर पर संघ के संयुक्त जिला अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास, उपाध्यक्ष जितेंद्र चंद्राकर, नेतराम साहू, रेवाराम साहू, संतोष वर्मा आदि उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर व जिला खाद्य अधिकारी को संबोधित पत्र में कहा गया है कि, समिति प्रबन्धक के आत्महत्या प्रकरण की सूक्ष्मता के साथ निष्पक्ष जांच की जाये। घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए आगे कहा गया है कि, सेवा सहकारी समिति मर्यादित छिपा विकास खंड डोंगरगढ़ के समिति प्रवन्धक स्व गोवर्धन वर्मा के द्वारा आत्महत्या कर लिया गया है। जो दुखद घटना है।उप्रभावशाली लोगों पर अनियमितता में शामिल होने की शंका जाहिर की संघ ने मामला छिपा सोसायटी के समिति प्रवरिश द्वारा की गई आत्महत्या की जांच का। समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के अनुसार धान शार्टेज होने से परेशान होकर आत्महत्या किया जाना बताया जा रहा है जो गंभीर विषय है। संघ की मांग है कि यदि समिति प्रबंधक द्वारा धान शार्टेज के कारण आत्महत्या किया गया है तो प्रकरण की सूक्ष्मता के साथ जाँच किया जावे। प्रभावशाली लोगों पर संदेह जताया संघ ने। जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को दिए गए ज्ञापन में संघ ने कहा है कि, कही प्रभावशाली लोग धान उपार्जन केंद्र में बगैर धान लाये हो खरीदी तो नही करा लिए है? इसे देखते हुए मांग की गई है कि पुरे प्रकरण में कोन कोन शामिल है उसकी निष्पक्ष जांच हो। छीपा सोसाइटी में विगत अनेक दिनों से हजारों क्विंटल धान की कमी को लेकर समिति प्रबंधक से लेकर मिलर्स व अधिकारी तथा समिति के कर्मचारी सभी परेशान थे। भारी पैमाने पर की गई अनियमितता को दबाने के चक्कर में प्रभावशाली लोगों द्वारा समिति प्रबंधक द्वारा की गई आत्महत्या के बाद बिना किसी के जानकारी के सैकड़ों कट्टा धान छिपा सोसाइटी में डंप किया गया। चौकीदार से लेकर कार्यरत कर्मचारीयों द्वारा डंप किए गए धान के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं दी जा रही है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि अनियमितता में शामिल लोग कितने प्रभावशाली होंगे, जो कि जांच का विषय हो सकता है।

# होली के पहले गुण्डा बदमाशों पर पुलिस की पैनी नजर

**राजनांदगांव 14 मार्च।** 13 मार्च को विजुअल पुलिसिंग के तहत आगामी लोकसभा चुनाव एवं होली त्यौहारों को मद्देनजर रखते हुए राजनांदगांव शहर में अपराधो पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा द्वारा विजुअल पुलिसिंग के तहत स्वयं पैदल पेट्रोलिंग हेतू शहर में निकले उनके साथ थाना प्रभारी कोतवाली, लालबाग, बसंतपुर, चौकी चिखली प्रभारी द्वारा अपने दल बल के साथ पैदल मार्च करते शहर के मुख्य चौक-चौराहों एवं शहर के मुख्य मार्ग मानवमंदिर चौक, इमाम चौक, भारतमाता चौक, गंज चौक, सिनेमा लाईन, हलवाई लाईन, गुड़ाखू लाईन, कामठी लाईन, रामाधीन मार्ग तथा भीड़-भाड़ वाले जगहों में भीड़ होने की संभावना को देखते हुए शहर के अंदर एवं आउटर में असामाजिक तत्वो को चेक कर संदिग्धों लोगों से पूछताछ किया गया, गुंडा बदमाश



निगरानी बदमाशो पर सतत् निगाह रखते हुये पैदल पेट्रोलियम किया गया जिससे सामाजिक तत्वों में भय का माहौल बना रहेगा और आम जनता के मन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा साथ ही ज्वेलरी दुकानों के संचालकों को अतिरिक्त कैमरा रोड की तरफ लगवाने हेतु निर्देशित किया गया । इसी प्रकार थाना डोंगरगढ़, घुमका एवं ओपी सुरगी पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में पैदल पेट्रोलिंग किया गया। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# जबलपुर से धर्मनगरी को जोड़ने रेल सुविधा की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 14 मार्च।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के धर्मनगरी आगमन पर श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल द्वारा पत्र सौंप कर धर्मनगरी को सीधे ट्रेन के माध्यम से जबलपुर से जोड़ने के लिए प्रयास करने हेतु मांग किया गया। मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव को सौंपे पत्र में मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के प्रमुख धार्मिक स्थल के रूप में डोंगरगढ़ पूरे देश में विख्यात है। जहां अनादि काल से मां बम्लेश्वरी देवी विधमान है। डोंगरगढ़ में प्रतिमाह 2 -3 लाख दर्शनार्थी अपने अपने साधनों से पंहुचते हैं। साथ ही केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रसाद योजना के अंतर्गत डोंगरगढ़ को चयनित कर धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित किया जा रहा है। डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शनार्थ बालाघाट मंडला सिवनी और जबलपुर जिले के दर्शनार्थीयों का बड़ी संख्या में आगमन होता है साथ ही जैन तीर्थ चंद्रगिरी और बौद्ध तीर्थ प्रज्ञा गिरी में भी लाखों दर्शनार्थियों का आगमन मप्र के इन जिलों से होता है। परन्तु जबलपुर बालाघाट से सीधे ट्रेन की सुविधा नहीं होने से इन दर्शनार्थियों को बहुत अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र सौंप कर श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने अनुरोध करते हुए कहा कि जबलपुर से व्हाया बालाघाट गोंदिया होते हुए डोंगरगढ़ के लिए सीधे ट्रेन चलाए जाने से सभी धर्मावलंबियों को बहुत लाभ मिलेगा और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

### ''राह तीरंदाजी अकादमी'' में दिया जा रहा विभिन्न खेल एवं अग्निवीर,पुलिस भर्ती का प्रशिक्षण

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने युवाओं से की भेंट-मुलाकात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 14 मार्च।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्ग दर्शन में रक्षित केन्द्र राजनांदगांव में ''राह तिरंदाजी आकदमी'' के तहत भारतोलक, तीरंजदाजी, एथलेटिक्स, वॉलीबाल आदि जैसे विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण निशुल्क दिया जा रह है जिसमें पुलिस परिवार एवं शहर के युवाओं व बच्चों द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेकर प्रशिक्षण का लाभ ले रहें हैं। राजनांदगांव पुलिस के म.प्र.आर. संध्या पदम द्वारा वालीबाल प्रशिक्षण, आर. घनश्याम एक्का व कामता प्रसाद द्वारा ग्राम सुंदरा में युवाओं अग्निवीर व पुलिस भर्ती फिजिकल ट्रेनिंग, म.प्र.आर. अंजू सिंह द्वारा वेटलिफ्टिंग, पावर लिफ्टिंग का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आज दिनांक 13.03.2024 को छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा द्वारा सभी खिलाड़ियों से भेंट मुलाकात कर उनका उत्सार्वधन किया गया एवं बच्चों को पुस्तर भेट की गई। ज्ञात हो की एथेलेटिक्स, पुलिस भर्ती, एस.एस.सी. परीक्षा, आर्मी भर्ती की प्रशिक्षण का लाभ कई युवा/युवती ले रहें हैं इसके फलस्वरूप वर्तमान में 03 प्रतिभागी 01-गोकुल साहू, 02-नरेन्द्र, 03-मोनू साहू का अग्निवीर आर्मी में चयन हुआ है। माननीय उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा द्वारा सभी बच्चों को उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर राजनांदगांव श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, सहा. सेनानी 8वीं वाहनी राकेश सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल, डीएसपी आजाक श्रीमती तनुप्रिय ठाकुर एवं रक्षित निरीक्षक श्री अरविंद साहू उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### थाना-चौकी एवं पुलिस राजपत्रित अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



**राजनांदगांव 14 मार्च।** 13 मार्च को पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव के सभागृह में लोकसभा निर्वाचन 2024 सुरक्षित, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराने हेतु जिले के पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें कलेक्टर राजनांदगांव श्री संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा की उपस्थिति में जिला निर्वाचन कार्यालय से आये मास्टर ट्रेनर श्री कैलाश शर्मा, देवेन्द्र सिंह ठाकुर एवं भूपेश साहू द्वारा दिया गया प्रशिक्षण। कलेक्टर राजनांदगांव श्री संजय अग्रवाल द्वारा कहा गया कि निष्पक्ष चुनाव कराना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। लोग बिना किसी भय, प्रलोभन के मतदान कर सके इस हेतु उचित वातावरण बनाये रखने में पुलिस की महत्वपूर्ण भमिका होती है। पुलिस अधिकारियों को मतदान के पहले, मतदान के दिन और मतदान के बाद की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता को लेकर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा आदर्श आचार संहिता लागू होने पर पुलिस के कर्तव्य और उनके कार्यो की जानकारी दी गई, पुलिस अधिकारियों को चुनाव आयोग के द्वारा जारी दिशा-निर्देश के संबंध में भी जानकारी दी गई। प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारियों को अपने उत्तरदायित्व की जानकारी हो इसी उद्देश्य के साथ इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्याशाला में आये प्रतिभागी यहां पर प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने-अपने थाना/चौकी में जाकर मास्टर ट्रेनर के रूप वहां के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षित करेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय मास्टर ट्रेनर श्री कैलाश शर्मा द्वारा शांतिपूर्ण मतदान कराने के संबंध में चुनाव आयोग की भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर दिये जाने वाले दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग द्वारा निर्देश दिये की नशीली पदार्थो की तस्करी, अवैध हथियार एवं चुनाव में प्रलोभन देने हेतु विभिन्न सामग्री व रूपये आदि पर अंकुश लगाने साथ ही नक्सल गतिविधियों पर नजर बनाये रखने एवं आसूचना का आदान प्रदान सुनिश्चित करने कहा गया। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान डीएसपी श्रीमती तनुप्रिया ठाकुर, चुनाव सेल प्रभारी एवं जिले के थाना/चौकी प्रभारीगण व अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

### रक्षित केन्द्र के स्वास्थ्य शिविर में 100 से अधिक लोगों ने जांच कराई



**राजनांदगांव 14 मार्च।** 13 मार्च को पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में रक्षित केन्द्र राजनांदगांव में आज दोपहर 02:00 बजे जिले के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों का एवं उनके परिवार के सदस्यों का स्वास्थय परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. अनिमेश गांधी, एमडी, डॉ. धन्नजय सिंग ठाकुर, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. निदेश अग्रवाल (एमएस), डॉ. योगेश सोनी (एमएस), कान नाक गला रोग विशेषज्ञ डॉ. मिथलेश शर्मा, डॉ. अश्वरी शेट्टी दिवाकर, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. ए.एस.शराफ, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. सुगंधा गांधी (एमडी), दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिरूद्ध गांधी, हृदय रोग एवं मेडिसिन डॉ. ए.एस. दीक्षित (एमडी), डॉ. जाहीद खान (एमडी, डीएम), शल्य विभाग डॉ. रोमिन जैन (एम.एस., डी.एन.बी.), डॉ. एम.के. दिवाकर, स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. मीना, डॉ. विजय श्री जैन, डॉ. मिताली तुवानी, शिशु रोग विशेषज्ञ पद्मश्री डॉ. पुखराब बाफना, डॉ. नरेन्द्र गांधी द्वारा पुलिस परिवार सदस्यों का 1. मेडिसिन / हृदय रोग, 2. दंत रोग, 3 मनोरोग, 4. कान, नाक, गला, 5. चर्म रोग, 6. हड्डी रोग, 7. स्त्री रोग, 8. शिशु रोग, 9. शल्य परीक्षण निशुल्क किया गया जिसमें पुलिस अधीकारी/कर्मचारियों व पुलिस परिवार के लगभग 100 से अधिक संख्या में आकर अपना निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। उक्त शिविर के आयोजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल, डीएसपी आजाक श्रीमती तनुप्रिय ठाकुर, डीएसपी डोंगरगाव दिलीप सिसोदिया एवं रक्षित निरीक्षक श्री अरविंद साहू, लोकेश कुमार कसेर की आहम भूमिका रहीं।

### पूर्व प्रदेश विधार्थी परिषद के पदाधिकारी छात्र नेता वैभव चंद्राकर ने किया भाजपा प्रवेश

**अंवरी 14 मार्च।** लोकसभा चुनाव का शंखनाद हो चुका है इसी बीच भाजपा का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन पुरानी मण्डी कुरुद में संपन्न हुआ जिसमें क्षेत्रिय विधायक पूर्व मंत्री बस्तर क्लस्टर प्रभारी मान. अजय चंद्राकर जी एवं निवर्तमान सांसद चुन्नी लाल साहु तथा वर्तमान भाजपा प्रत्याशी श्रीमती रुप कुमारी चौधरी जी की उपस्थिति में भाजपा की रीति नीति राष्ट्र निर्माण में मोदी जी के कार्यो से सतत् प्रभावित होकर अखिल भारतीय विधार्थी परिषद के पुर्व प्रदेश पदाधिकारी छात्र नेता के रुप में सतत् सक्रिय वैभव चंद्राकर ने अपने 100 साथियों जिसमें सरपंच-पंच सहित जनप्रतिनिधियों के साथ भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश किया !जिनका लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने भाजपा का गमछा पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया !

संपादकीय

# तो ये कांग्रेस का बी प्लान है

राजनीति में राजनीतिक दलों को कई प्लान बना कर रखने पड़ते हैं ताकि एक प्लान फेल हो जाए तो दूसरे प्लान पर अमल किया जा सके और होने वाले राजनीतिक नुकसान को कम से कम किया जा सके। जो कमजोर होता है, बुरे दौर से गुजर रहा होता है, वह जानता है कि प्लान ए फेल हुआ तो राजनीतिक नुकसान तो होगा उसकी कोशिश ऐसे में अपने नुकसान को कम से कम करने की होती हैै। कांग्रेस देश के सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी है,वह इन दिनों अपन सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। उसके सामने भाजपा हर तरह से शक्तिशाली है। जो जीत के रास्ते पर चल रही है और कांग्रेस उसे जीतने से अकेले रोक नहीं पा रही है। दो चुनाव इसका उदाहरण है कि कांग्रेस भाजपा को बहुमत पाने से रोक नहीं सकी है। भाजपा दोनों बार कांग्रेस को हराकर बहुमत वाली सरकार बनाने में सफल रही है। इस बार कांग्रेस ने विपक्ष के सहयोग से भाजपा को हराने की योजना बनाई लेकिन यह योजना एक तो देर से बनाई गई और दूसरे इसको जितनी गंभीरता से लिया जाना था, खुद कांग्रेस ने नहीं लिया। तीन राज्यों मप्र,राजस्थान व छग में विधानसभा चुनाव हारने से उसका राजनीतिक महत्व और कम हो गया। विपक्ष ने उसकी हर बात मानने से मना कर दिया। नीतीश कुमार के इंडी गठबंधन छोड़ने के साथ ही गठबंधन बिखर सा गया। जयंत चौधरी ने भी इंडी गठबंधन छोड़ दिया। ममता ने पं. बंगाल में अकेल चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है, तो कश्मीर में महबूबा मुफ्ती ने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। आप पंजाब में अकेल चुनाव लड़ रही है। इस तरह देखा जाए तो इंडी गठबंधन अब नाम को रह गया है। कांग्रेस व क्षेत्रीय दलों का गठबंधन तो महाराष्ट्र, बिहार व झारखंड मे ंपहले से था्। गठबंधन के नाम पर सीट शेयरिंग दो ही राज्यों में हो सकी है। एक यूपी और दूसरा दिल्ली। गठबंधन की राजनीति व राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के फेल हो जाने से अब कांग्रेस को अपनी रणनीति बदलनी पड़ रही है। जब गठबंधन के साथ भारत जोड़ो यात्रा भी चल रही थी तो माना जा रहा था कि राहुल गांधी एक बड़े नेता के रूप में उभरेंगे व उसका फायदा इंडी गठबंधन के साथ ही कांग्रेस को भी होगा। यानी गठबंधन व कांग्रेस की राननीति के केंद्र में राहुल गांधी ही बने रहेंगे। लेकिन कांग्रेस की यह उम्मीद पूरी नहीं हुई है तो अब कांग्रेस को अगले चुनाव में होने वाले राजनीतिक नुकसान को कम करने की समस्या है। इसके लिए अब कांग्रेस ने रणनीति बनाई है कि जिस तरह भाजपा ने विधानसभा चुनाव में अपने दिग्गज नेताओं को विधानसभा चुनाव लड़ाकर हारी बाजी जीत ली है, उसी तरह कांग्रेस भी अपने दिग्गज नेताओं को लोकसभा चुनाव लड़ाकर होने वाले नुकसान को कम करने की सोच रही है। कांग्रेस जानती है कि राहुल गांधी तो लोकसभी चुनाव जीता नहीं सकते, ज्यादा सीटें भी जिता नहीं सकते, ऐसे में चारा यही बचता है कि कांग्रेस के दिग्गज नेताओं को चुनाव लड़ाकर सीटें जीती जाएं। इसके लिए हर राज्य के दिग्गज नेताओं को चुनाव लड़ने के लिए कहा जा रहा है, पहली सूची में तो दिग्गज नेताओं के नाम कम है हो सकती हो कि दूसरी व तीसरी सूची में ऐसे नेताओं का नाम हो। माना जा रहा है कि कांग्रेस के दिग्गज नेता लोकसभा चुनाव मन से लड़ने को इच्छुक नहीं है, आलाकमान कहेगा को मजबूरी में लड़ेंगे जरूर। क्योंकि कांग्रेस के दिग्गज नेता जानते हैं कि चुनाव हारे तो उनकी बड़े नेता की इमेज नष्ट हो जाएगी, फिर आलाकमान की नजर में वह बड़े नेता नहीं रह जाएंगे। दिल्ली में उनका कद छोटा हो जाएगा। उस पर भाजपा ने देश में माहौल बना रखा है कि जीत तो भाजपा रही है, ऐसे में कांग्रेस नेता सोच रहे होंगे कि जब कांग्रेस हार रहीी है तो हारने के लिए चुनाव क्यों लड़ा जाए। कांग्रेस नेता हारने के लिए चुनाव नहीं लड़ना चाहते है और आलाकमान उनको मैदान में उतार कर कुछ सीटें जीत लेना चाहता है ताकि कांग्रेस का अस्तित्व तो राजनीति में बना रहे। रही सही कसर मेन स्ट्रीम मीडिया और उसके सर्वे ने पूरी कर दी है। उसमें कांग्रेस की सीटें जैसे जैसे लोकसभा चुनाव के दिन नजदीक आते जा रहेहैं,संख्या कम होती जा रही है। इसका कांग्रेस पर बुरा असर पड़ रहा है।कांग्रेस को ऐसे वक्त में एक ऐसे नेता की जरूरत है जो पार्टी में नए उत्साह का संचार कर सके। यह काम राहुल गांधी व खरगे तो नहीं कर पा रहे हैं। कांग्रेस की स्थिति भाजपा से बुरी नहीं है , भाजपा दो सीट से संघर्ष कर जीत की राह आ सकती है तो कांग्रेस ऐसा क्यों नहीं करती है।

समसामयिक

# कर्नाटक की कांग्रेस सरकार का जजिया कर!

मनोज कुमार अग्रवाल



हाल ही में कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने विधानसभा में विधेयक पारित कर मंदिरों पर 10 प्रतिशत तक कर लगा दिया है। राज्य के मुख्य विपक्षी दल भाजपा के साथ-साथ साधु-संतों ने इस कर का भारी विरोध किया है और इसे मुगल शासन में लागू जजिया कर जैसा बताया है। आपको बता दें कि भारत विश्व का एकमात्र देश है जहां अपने ही देश के मूल बहुसंख्यक नागरिकों के धार्मिक पूजा स्थलों पर इस तरह से कर की व्यवस्था लागू की गई है। हालांकि कर्नाटक सरकार ने यह कर लगाने के पीछे कई तर्क दिए हैं।लेकिन इस से राज्य सरकार और कांग्रेस की काफी किरकिरी हो रही है।

कर्नाटक में मंदिरों पर कर लगाने को लेकर सियासी बवाल खड़ा हो गया है। दरअसल, राज्य सरकार ने 1 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाई करने वाले मंदिरों पर 10 फीसदी सालाना टैक्स का प्रावधान कर दिया है. वहीं, 10 लाख रुपये से 1 करोड़ रुपये तक की कमाई करने वाले कर्नाटक के मंदिरों को अपनी सालाना आय का 5 फीसदी टैक्स भुगतान करना होगा मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने इसे कांग्रेस सरकार की ओर से लगाया गया जजिया कर करार दिया है. वहीं, राज्य बीजेपी के कुछ नेताओं ने इसे मंदिरों से चौथ वूसली जैसा बताया है. कर्नाटक की मुख्यमंत्री सिद्धारमैया सरकार ने राज्य के मंदिरों पर 5 और 10 फीसदी टैक्स किस कानून के तहत लगाया है. दरअसल, कर्नाटक सरकार ने मंदिरों से कर वसूली के लिए एक विधेयक विधानसभा में पारित कराया है. इस नए बिल को लेकर ही कर्नाटक में राजनीतिक बबाल पैदा हो गया है. राज्य सरकार ने बुधवार को 'हिंदू धार्मिक संस्थाएं और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक 2024' को विधानसभा में पारित कराया. भाजपा ने कर्नाटक में सत्तारूढ़ दल पर मंदिरों के पैसों से अपना 'खाली खजाना' भरने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। बीजेपी नेता राजीव चंद्रशेखर ने कर्नाटक विधानसभा में पारित विधेयक को लेकर राज्य की कांग्रेस सरकार की जमकर आलोचना की है। उन्होंने कहा कि ऐसा करके राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी एक नये निचले स्तर तक गिर गई है। कर्नाटक के सीएम सिद्धरमैया ने आरोपों के जवाब में कहा कि भाजपा नेताओं के आरोप निराधार हैं।वे जनता को गुमराह करने और राजनीतिक लाभ के लिए सांप्रदायिक आधार पर लोगों का ध्रुवीकरण करने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि 1997 में अधिनियम लागू होने के बाद से हमेशा एक सामान्य पूल बनाने का आदेश दिया गया है. सामान्य पूल का प्रबंधन केवल हिंदू धर्म से जुड़े धार्मिक उद्देश्यों के लिए किया जाता है. विधेयक का उद्देश्य 'ए' कैटेगरी के मंदिरों के अधिकार क्षेत्र में तीर्थयात्रियों को बेहतर सुविधाएं और सुरक्षा उपलब्ध करना है।

वहीं आपको बता दें इतिहास में दर्ज है कि जब विदेशी कट्टरपंथी मुगल आक्रांताओं ने भारत पर हमला कर बड़े भूभाग पर अपना राज स्थापित कर लिया तब 11वीं शताब्दी में अलाउद्दीन खिलजी ने दिल्ली का तख्त संभाला और जजिया कर लागू कर दिया। जजिया कर का अर्थ है मुस्लिम राज में गैर-मुस्लिमों पर पूजा-पाठ या अपने धार्मिक अनुष्ठानों के लिए कर लाद देना। इतिहास में दर्ज है कि भारत में मुगल आक्रांता हिन्दुओं से यह कर वसूल कर मुस्लिमों को फायदा पहुंचाने के लिए उपयोग करते थे। खिलजी ने इसे कानून बनाकर अनिवार्य कर दिया था। जब मुहम्मद बिन तुगलक दिल्ली का सुल्तान बना, तो पूरे भारत में हमले कर खजाना खाली कर दिया। जब नाकाम हो गया तो खजाना भरने के लिए हिन्दुओं पर जजिया कर लाद दिया। हालांकि, विदेशी आक्रांताओं की तीसरी पीढ़ी के शासक अकबर ने इस कर को हटा दिया था, किन्तु छठे सबसे क्रूर मुगल शासक औरंगजेब ने इसे 1679 में पुनः लागू कर दिया। जजिया कर न चुकाने वाले ब्राह्मणों व अन्य हिन्दुओं को कोड़ों से पीटा जाता था, यहां तक कि कई बार इस अनाचार से उनकी जान भी चली जाती थी।



अब कर्नाटक की मौजूदा कांग्रेस सरकार ने हिन्दू मंदिरों से कर वसूलने वाला विधेयक पारित किया है। इसके तहत किसी मंदिर की आय 1 करोड़ रुपये है, तो उसे 10त्न और यदि मंदिर की आय 1 करोड़ से कम और 10 लाख से अधिक है तो उसे 5त्न टैक्स सरकार को देना होगा। इसे कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक 2024 नाम दिया गया है। विपक्षी दलों के साथ-साथ कई साधु-संतों ने भी इसका वरोंध किया है और इसे कांग्रेस का जजिया कर बताया है। हालांकि, कांग्रेस ने विधेयक का बचाव करते हुए कहा है कि राज्य में 40 से 50 हजार पुजारी हैं जिनकी सरकार मदद करना चाहती है। साथ ही, आरोपों का खंडन करते हुए सरकार ने कहा कि यह प्रावधान 2003 से अस्तित्व में है। हमने सिर्फ स्लैब बदला है। एक रिपोर्ट के अनुसार कर्नाटक के सरकारी विभाग मुजराई के अधीन 35 हजार से अधिक मंदिर आते हैं। इनको तीन श्रेणियों में बांटा गया है। पहली श्रेणी में वे 205 मंदिर हैं, जिनकी आय 25 लाख रुपये वार्षिक से अधिक है, इनमें से कुछ की आय करोड़ों में भी है। दूसरी श्रेणी में वे 193 मंदिर आते हैं जिनकी आय 5 लाख रुपये से 25 लाख रुपये के बीच मानी जाती है। अन्य लगभग 34 हजार मंदिरों की आय 5 लाख रुपये वार्षिक से कम है। विपक्षी दलों के साथ-साथ साधु-संत इसे जजिया कर इसलिए बता रहे हैं, क्योंकि हिन्दू मंदिरों के अलावा न तो मस्जिदों पर और न ही चर्चों या गुरुद्वारों पर ऐसा कोई कर लगाया गया है। स्पष्ट रूप से यह केवल हिन्दुओं के धार्मिक स्थलों पर लगाया गया कर है। किन्तु सरकार ने कहा है कि वह तो अन्य धार्मिक संस्थाओं को दान देने, पुजारियों को प्रशिक्षण देने, वेद पाठशालाओं व अन्य हिन्दू शास्त्र शिक्षण संस्थानों की स्थापना तथा हिन्दू अनाथालयों की स्थापना आदि के लिए यह कर लगा रही है। कर्नाटक सरकार के संबंधित मंत्री का कहना है कि इन कार्यों के लिए सरकार को 7-8 करोड़ रुपये की आवश्यकता है, इसीलिए कर लगाया गया है। यहीं सरकार की नीयत पर संदेह होता है। क्या कर्नाटक सरकार की माली हालत इतनी कमजोर है कि वह हिन्दुओं पर 8-10 करोड़ रुपये खर्च करने के लिए मंदिरों पर टैक्स लगा रही है? आरोप है कि एक तरफ तो यह वही सरकार है जो हर घर को मुफ्त बिजली और महिलाओं को मुफ्त पविरहन सेवा के वायदे कर सत्ता में आई है। जब वोट लेने के लिए सरकारी कोष का इस्तेमाल किया सकता है तो हिन्दुओं से दोहरा बर्ताव करने का फार्मूला लागू करना अपरिहार्य तो नहीं है वास्तव में राज्य सरकार का यह कदम निहायत गैरजिम्मेदाराना है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के इस कदम को न सिर्फ कर्नाटक वरन देश भर में कांग्रेस की दोहरी व हिन्दू विरोधी मानसिकता बतौर समझा जा सकता है और लोकसभा चुनाव में यह मुद्दा कांग्रेस की रीति नीति पर सवाल बन रहा है ।

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज आपके जीवन में कुछ नए बदलाव हो सकते हैं। कारोबार में कोई शुभ समाचार मिल सकता है। जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। रिश्तें बेहतर बने रहेंगे। आपकी किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। आपको अपना ध्यान अपने लक्ष्य पर बनाए रखना चाहिए। किसी की मदद मिलने से आप जीवन में आगे बढ़ सकते हैं। सेहत के मामले में दिन अच्छा रहेगा। जरूरतमंद को वस्त्र दान करें, आपके रिश्ते मजबूत बनेंगे।

वृष राशि-आज आपका दिन खास रहेगा। सोचे हुए सभी काम पूरे हो जाएंगे। बिजनेस में पैसा लगाना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। विवाहितों के लिए भी आज का दिन बढ़िया है। काम के लिए आपकी ऊर्जा बनी रहेगी। शिक्षा से जुड़ी आपकी सभी मनोकामनाएं पूरी होंगी। साथ ही मेडिकल कॉम्पिटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को जल्द ही अपनी मेहनत का फल मिल सकता है। इनकम के एक्स्ट्रा सोर्स मिलने से आपका बैंक बैलेंस मजबूत होगा। साथ ही जरूरत पड़ने पर आपको अपने भाई-बहनों से भी मदद मिल सकती है।

मिथुन राशि -आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपको कुछ अच्छे मौके मिल सकते हैं। किसी तरह की नई प्लानिंग को लेकर आप कोई बड़ा फैसला लें सकते हैं। संतान की ओर से भी आपको अच्छी खुशखबरी मिल सकती है। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। दफ्तर में कोई उलझा हुआ मामला सुलझ सकता है। ऑफिस के किसी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। आपको बिजनेस संबंधी नए लोगों से जुड़ने का मौका मिल सकता है।

कर्क राशि-आज किसी काम के लिए आपके मन में कोई विचार आ सकता है। काम अधिक होने से आपका तनाव भी थोड़ा बढ़ सकता है। शाम को बच्चों के साथ समय बिताने पर आप राहत महसूस करेंगे। प्रॉपर्टी के लिए आपको कोई अच्छी डील मिल सकती है। ऑफिस के काम को जल्दबाजी में करने से आपको बचना चाहिए। आपसे कुछ गलतियां होने की संभावना हो सकती हैं। पति-पत्नी एक-दूसरे के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

सिंह राशि-आज आपका दिन सामान्य रहेगा। वित्तीय मामलों में समझदारी से काम लेना आपके लिए बेहतर रहेगा। जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद हो सकती है। बिजनेस में नई परियोजनाओं को लागू करने से आपको फायदा हो सकता है। ऑफिस में किसी सहकर्मी के साथ बहस करने से आपको बचना चाहिए। आपको पैसों से जुड़े बड़े फैसले सोच-समझकर लेने चाहिए। इससे आपको काफी फायदा होगा। माता-पिता का आशीर्वाद लें, सबके साथ संबंध बेहतर होंगे।

कन्या राशि-आज आपका दिन उत्तम रहेगा। कामकाज के मामले में परिस्थिति अच्छी रहेगी। आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं, इससे आपके संबंधों की मजबूती बरकरार रहेगी। आपकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। माता-पिता आपकी मेहनत से खुश रहेंगे। आपको सभी काम में उनका सपोर्ट भी मिलेगा। बेहतर परिणाम के लिए टीचर्स भी आपके साथ खड़े रहेंगे। व्यापार को बढ़ाने के मामले में आपकी मेहनत सफल रहेगी।

तुला राशि-आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। किसी से बात करते समय आपको विनम्र स्वभाव का प्रयोग करना चाहिए। इससे लोग आपसे प्रभावित रहेंगे। इस राशि के बिल्डर्स को किसी नए प्रोजेक्ट से लाभ हो सकता है। आप थोड़े सोच-विचार में रह सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति सामान्य बनी रहेगी। आप खुद को थकान से भरा महसूस कर सकते हैं। आपको अपनी जीवनशैली में बदलाव करने की और खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। अपने मस्तक पर चंदन का तिलक लगाएं, आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। खुद की मेहनत से आप परिवार की अपेक्षाओं पर खरे उतरने में कामयाब हो सकते हैं। किसी जरूरी काम में आपको सफलता मिल सकती है। इस राशि के मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। ऑफिस में आपके काम को लेकर बॉस आपकी प्रशंसा कर सकते हैं। लवमेट के साथ आपके संबंध अच्छे रहेंगे। साथ में बाहर घूमने का प्लान बना सकते हैं।

धनु राशि-आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपका बढ़ा हुआ मनोबल आपको किसी जरूरी काम में सफलता दिलाएगा। माता-पिता के सहयोग से कारोबार के क्षेत्र में वृद्धि होगी। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। आज आपको कुछ मनोरंजन का मौका मिल सकता है। शिक्षा के क्षेत्र में आपको कामयाबी हासिल होगी। आप अपने कार्यों में सफल रहेंगे। लोग आपके काम की तारीफ करेंगे। कार्यस्थल पर आपका मन प्रसन्न रहेगा।

मकर राशि-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको दूसरों से अपनी पर्सनल बात शेयर करने से बचना चाहिए। किस्मत का साथ मिलने में थोड़ी परेशानी आ सकती है। अगर आप कुछ सामाजिक मामलों में हाथ बढ़ाएंगे, तो आपका मान-सम्मान बढ़ सकता है। इस राशि के छात्रों को कोई बड़ी खुशखबरी मिल सकती है। पढ़ाई के प्रति आपकी रुचि बढ़ सकती है। कार्यस्थल पर उच्च अधिकारी आपकी तारीफ कर सकते हैं, लेकिन आर्थिक रूप से आज आपका दिन उतार-चढ़ाव वाला रहेगा। गाय को रोटी खिलाएं, आपकी सभी समस्याएं दूर होंगी।

कुंभ राशि-आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपको किस्मत का पूरा-पूरा सहयोग प्राप्त होगा। साथ ही कारोबार में आपको धन लाभ होगा। आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जो भविष्य में आपको काफी फायदा दिलाएगा। आपकी क्रिएटिविटी से लोग प्रभावित होंगे। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी । आपके रिश्तेदार आपका पूरा सहयोग करेंगे। वैवाहिक जीवन वालों के लिए परिस्थितियां ज्यादा अनुकूल रहेंगी। जीवनसाथी आपकी भावनाओं की कद्र करेगा। धरती मां को छूकर प्रणाम करें, लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

मीन राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। किसी अधूरे काम में हाथ लगाने से वह जल्द ही पूरा हो सकता है। कार्यक्षेत्र में बढ़ोत्तरी के लिए आपको नया मौका मिल सकता है। इस राशि के छात्र अगर योजना बनाकर तैयारी करेंगे, तो करियर में उन्नति के नए रास्ते खुल सकते हैं। परिवार वालों के साथ समय बिताने से रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। व्यापार में कोई नया अनुबंध हो सकता है। गणेश जी को लड्डू का भोग लगाएं, आपके जीवन में खुशियों का आगमन होगा।

व्यंग्य

# श्रद्धांजली

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

दाँतों के बीच जीभ और बुरों के बीच सही आदमी एक जैसे होते हैं। थोड़ा-इधर हुए कि नहीं धर-दबोच लिए जाते हैं। सही आदमी मित्रता कम शत्रुता अधिक करता है। उनका बीपी हाई और शुगर लेवल आऊट ऑफ कंट्रोल रहता है। माथे की सिलवटें प्रश्न चिह्न के रूप में बदल जाती हैं। उन्हें कौन समझाए कि आज के समय में सामने-सामने लड़ने वाला हमेशा हारता है। आज का समय पीठ पर छुरा घोंपने वालों का है। जो यह कर सकता है वही जीतता है। देश में हज़ारों मुद्दे हैं और करोड़ों झूठ बोलने वाले हैं। इसीलिए झूठ बोलने वालों के बीच सही आदमी को नहीं जाना चाहिए। यहाँ आज भी बछड़े को गधा बताने का ट्रेंड बड़े धड़ल्ले से चल रहा है। झूठे से झूठे को लड़ना चाहिए तब कहीं जाकर जीत सच की होती है। वह क्या है न कि दो झूठ बोलने वाले अक्सर एक-दूसरे के बारे में सच बक ही देते हैं।

ऐसे ही हमारे एक मित्र थे सहीराम। चूँकि खुद को सही आदमी मानते थे इसलिए बाकी सब उनकी दृष्टि में गलत आदमी लगते थे। दो सही आदमी अधिक समय तक मित्र नहीं रह सकते। अलबत्ता दो झूठे मरने के बाद भी नर्क में मिलकर रह सकते हैं। मेरा मित्र आधुनिक समय का रोतू बाबा था। रात भर जागकर रोता था और दिन भर दूसरों को कोसता था। वह बात-बात में लड़ बैठता था। गाली-गलौज पर उतर आता था। उसकी मानें तो दुनिया सही हो ही नहीं सकती। वह पहले गोरा था। झूठ के प्रदूषण से कब काला पड़ गया पता ही नहीं चला। नौकरी उसकी फाइलों पर से धूल झटकने की थी, लेकिन देश में फैले धूल के लिए खीझा हुआ रहता था। उसका बस चले तो देश को एक बार तबियत से झटक दे, लेकिन वह क्या है न कि यहाँ झटकने वाले फर्श पर और धूल फैलाने वाले अर्श पर काबिज हैं। इसलिए उसकी यह इच्छा अंतिम इच्छा ही बनकर रह गई।

वह जब भी ऑफिस से लौटता मानो पाप करके आया हो। अधिकारी से, साथियों से, गली वालों से सबसे नफ़रत करता था। मकान मालिक से इसलिए नाराज़ था कि उसने चार सौ बीसी करके मकान बनाया था। नगरपालिका से गड्ढों के लिए नाराज़ था। वह चलना तो हमेशा सड़क पर चाहता था, लेकिन वह बार-बार गड्ढे में गिर जाता था। उसे कौन समझाए कि सड़कें परमानेंट हो जाएँ तो कांट्रेक्टरों, नेताओं, बिचौलियों के बीवी-बच्चे भूखे न मर जाएँ। सही आदमी गड्ढे में गिरकर मर जाए तो यहाँ कौन रोने वाला है। वैसे भी वह समाज का रोड़ा होता है। वैसे लोग समूह बनाकर दो चार दिन जी जाएँ तो गगनचुंबी इमारतों, फ्लाइवओवरों के कांट्रेक्टर, शराब के ठेकेदार कहाँ जायेंगे। झूठों के मरने पर उनकी जमात के लोग बड़ी संख्या में आते हैं। अपने लिए न सही जमाने के लिए रोना आज की माँग है। आज जो रोएगा कल उसके लिए रोने वालों की कमी नहीं पड़ेगी। सही आदमी अधिक दिन तक जीवित नहीं रहते। एक दिन सड़क (वास्तव में गड्ढा) दुर्घटना में सहीराम दुनिया को अलविदा कह गये। हमें अलविदा की जगह इंश्योरेंस सुनाई दिया। फिर क्या था हम सब झूठे मिलकर भाभी जी को इंश्योरेंस दिलाने के नाम पर इतने चक्कर कटवाए कि वह थक हारकर घर पर बैठ गयीं। हम लोगों ने बीमा के पैसे वसूल लिए। मौत का पैसा कहीं अपच न हो इसलिए भाभी जी को थोड़ा-बहुत देकर बाकी के पैसों से सहीराम की मौत पर शराब और मुर्ग मुसल्लम की श्रद्धांजली दी। ध्यान देने वाली बात यह थी कि हम झूठे होते हुए भी सहीराम की फोटो के आगे सच्ची वाली शराब का गिलास और मुर्गे की टांग रख दी थी। हाँ यह अलग बात है कि बाद में उसे भी हमने ही पीया और खाया।

15 मार्च,अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस

# व्यापक और व्यवहारिक जन-उपयोगी अधिनियम की आवश्यकता

संजीव ठाकुर,

भारत सरकार ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 में निर्मित कर तो दिया है एवं केंद्र से लेकर हर राज्य के प्रत्येक जिले तक उपभोक्ताओं के हित के लिए उपभोक्ता प्रतितोष फोरम स्थापित किए गए हैं, पर यह कानून ग्रामीण उपभोक्ताओं तक अभी तक नहीं पहुंच पाया है और वे वे विक्रेताओं द्वारा आसानी से उनकी धोखाधड़ी तथा ठगी का शिकार लगातार होते जा रहे हैं। भारतीय संदर्भ में उपभोक्ता आंदोलन को 1966 में जेआरडी टाटा के नेतृत्व में उद्योगपतियों द्वारा उपभोक्ता संरक्षण के तहत फेयर प्रैक्टिस एसोसिएशन की मुंबई में स्थापना की गई थी। इसके अलावा कुछ प्रमुख शाखाएं महत्वपूर्ण शहरों में स्थापित की गई थी। स्वयंसेवी संगठन के रूप में उपभोक्ता पंचायत की स्थापना बी एम जोशी द्वारा 1974 मैं पुणे में की गई थी। इस तरह उपभोक्ता संगठन लगातार आगे बढ़ता रहा है। 24 दिसंबर 1986 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की पहल पर उपभोक्ता संरक्षण विधेयक संसद में पारित किया गया और राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित होने के बाद देशभर में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 लागू कर दिया गया था। इसके पश्चात 1993 तथा 2002 में महत्वपूर्ण संशोधन किए गए इसके लगातार संशोधन होते रहे हैं। इन संशोधनों के बाद यह कानून अत्यंत सरल सुगम अधिनियम के तौर पर आम जनता के सामने आया है। इस अधिनियम के अंतर्गत के द्वारा स्थापित अर्ध न्यायिक तंत्र के द्वारा पारित आदेशों का पालन न किए जाने पर धारा 27 के अंतर्गत कारावास का दंड और धारा 25 के अंतर्गत कुर्की का प्रावधान भी किया गया है।

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के अनुसार हर वह व्यक्ति जो अपने उपयोग के लिए सामान अथवा सेवाएं चाहता है, वह उपभोक्ता विक्रेता की अनुमति से ऐसे समान सेवाओं का प्रयोग करने वाला व्यक्ति भी उपभोक्ता है। अतः हम मेंसे प्रत्येक व्यक्ति उपभोक्ता की श्रेणी में आता है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 की धाराओं के अंतर्गत उपभोक्ता को कुछ अधिकार प्रदान किए गए है,उनमें से

1,उन उत्पादों तथा सेवाओं में सुरक्षा का अधिकार जो जीवन तथा संपत्ति को हानि पहुंचा सकते हैं।

2 उत्पादों तथा सेवाओं की गुणवत्ता मात्रा प्रभाव शुद्धता मानक तथा मूल के बारे में जानने का अधिकार जिससे उपभोक्ता को अनुचित व्यापार पद्धतियों से बचाया जा सके।

3, प्रीतियोगात्मक मूल्यों पर विभिन्न सामान्य तथा सेवाओं तक पहुंच के प्रति आशान्वित होने का अधिकार।

4, धोखाधड़ी के विरुद्ध सुनवाई तथा विनियोजन का अधिकार।

5 अनुचित तथा प्रतिबंधात्मक व्यापार प्रतिनिधियों द्वारा उपभोक्ताओं के अनैतिक शोषण के विरुद्ध सुनवाई का अधिकार।

6 वक्ताओं को जागरूक करने तथा शिक्षा का अधिकार।

प्रत्येक व्यक्ति जो व्यापारियों उत्पाद को या ऐसी सेवाओं से प्रताड़ित अथवा ठगी का शिकार हुआ है वह उसकी कीमत के अनुसार क्षतिपूर्ति का अधिकार रख जिला राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित उपभोक्ता फोरम पर अपनी शिकायतें दर्ज कर सकता है। यह एक अर्ध न्यायिक तंत्र है इसमें साधारण कागज में अपनी शिकायतों को उक्त सेवाओं की रसीद के साथ उक्त सेवाओं की कीमत के हिसाब से जिला, राज्य, अथवा राष्ट्रीय उपभोक्ता फोरम में शिकायत स्वयं जाकर अथवा डाक से भेज कर कर सकता है। शिकायत यदि राशि 20लाख से कम है तो जिला फोरम में शिकायत करें। यदि राशि ?20 लाखसे अधिक एक करोड़ तक है तो राज्य आयोग के समक्ष और यदि राशि एक करोड़ से अधिक है तो राष्ट्रीय फोरम या आयोग में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उपभोक्ता फोरम द्वारा उपभोक्ताओं को प्रदान सामान में खराबी हटाना, सामान को बदलना, चुकाए गए मूल्य को वापस दिलाना अथवा हानि अथवा चोट के लिए क्षतिपूर्ति सेवाओं में कमियां, हटाने के साथ-साथ शिकायतकर्ता को पर्याप्त न्यायालय व्यय वहन प्रदान की राहत दी जाती है।

शहरी उपभोक्ता तो पढ़ा लिखा होने का कारण जागरूक है। वह उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की धाराओं को समझ कर अपनी व्यथा फोरम में दर्ज करा सकता है, पर मूल समस्या ग्रामीण उपभोक्ताओं को जागृत करने तथा उनको व्यापारियों द्वारा ठगे जाने अथवा गुणवत्ता रहित समान दिए जाने के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराने के लिए एवं उपभोक्ता अधिनियम के बारे में जानकारी लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

यह उल्लेखनीय है कि भारत विश्व का बहुत बड़ा उपभोक्ता बाजार है और भारत के मध्यमवर्गीय आम नागरिकों से भारत की बैंकिंग स्थिति बहुत मजबूत भी है। मध्यमवर्गीय लोगों का पैसा बैंकों में जमा है जिसके कारण बैंकिंग व्यवस्था काफी मजबूत है। और यही कारण है कि रूस यूक्रेन युद्ध में पूरे विश्व में पेट्रोल डीजल बढ़ने से महंगाई जरूर बढ़ सकती है पर भारत के संदर्भ में भारतीय बैंकिंग व्यवस्था तथा अर्थव्यवस्था पर एक या दो प्रतिशत से ज्यादा फर्क नहीं पड़ने आने वाला है। पेट्रोल डीजल गैस का सबसे बड़ा उत्पादक देश अमेरिका दूसरे नंबर पर सऊदी अरेबिया तीसरे नंबर पर रूस आता है। रूस पर लगे प्रतिबंधों से जरूर वैश्विक व्यवस्था में एवं उपभोक्ताओं की जेब पर डाका डल सकता है, पर भारत के उपभोक्ताओं पर वैश्विक अर्थव्यवस्था के डावाडोल होने से बहुत ज्यादा फर्क पड़ने की उम्मीद इसीलिए भी कम है कि भारतीय बैंकिंग व्यवस्था एवं यहां जमा पूंजी वैश्विक स्तर पर अधिक होने के कारण आर्थिक स्थिति बहुत ज्यादा खराब नहीं होने की संभावना है।

भोक्ता संरक्षण दिवस के संदर्भ में नागरिकों को भोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत ज्यादा से ज्यादा जागरूक होकर के अधिनियमयों का पालन कर,अपने को धोखाधड़ी और ठगी से बचाना होगा।

# हेल्दी समझकर क्या आप भी एयर फायर में पकाते हैं खाना जानें इसे लेकर क्या कहते हैं हेल्थ एक्सपर्ट्स

आजकल खाना पकाने के लिए जीरो-ऑयल कूकिंग और कम तेल का इस्तेमाल काफी हो रहा है. इसमें एयर फ्रायर में खाना पकाया जा रहा है. फिटनेस फ्रीक लोग एयर फ्रायर को काफी पसंद करते हैं. हालांकि, सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या एयर फ्रायर में पकाया गया खाना साधारण तरीके से तेल में तलकर बनाए गए खाने से अच्छा होता है. क्या इसे खाना ज्यादा हेल्दी होता है. आइए जानते हैं हेयर फ्रायर में पकाए गए खाने के फायदे और नुकसान...

**एयर फ्रायर में खाना पकाने के फायदे**-एयर फ्रायर में बहुत कम तेल में खाना पकाया जाता है. इसका इस्तेमाल भी काफी आसान होता है. इससे समय की बचत भी होती है. ऐसे लोग जो कोलेस्ट्रॉल, मोटापा और ब्लड प्रेशर बढ़ने के डर से तली हुई चीजें नहीं खा पाते हैं, वे एयर फ्रायर का इस्तेमाल कर सकते हैं. इसमें आलू टिक्की, समोसा जैसी चीजें बनाकर खा सकते हैं. हालांकि, यह कितना सही इसके लिए एक्सपर्ट्स से सलाह ले लेनी चाहिए.

**एयर फ्रायर को लेकर क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स**-डायटिशियन-न्यूट्रिशन एक्सपर्ट रुजुता दिवेकर एयर फ्राइंग, डीप फ्राइंग या पारंपरिक तरीके से तलकर खाना पकाने की तुलना में हेल्दी नहीं है. उनका कहना है कि एयर फ्रायर में खाना पका कर ज्यादा खाना गलत है. हालांकि,सही और सीमित मात्रा में तला हुआ या डीप फ्राइड खाना नुकसानदायक नहीं होता है. एक बार में आधा समोसा या 6-8 पकौड़े खाने से कोई नुकसान नहीं है. इससे ज्यादा डीप फ्राइड खाना नुकसान पहुंचा सकता है. इसलिए सेहत और खानपान का खास ख्याल रखना चाहिए.

**एयर फ्राइंग कूकिंग से क्या नुकसान**

1. ज्यादा आंच पर खाना पकाने से एयर फ्रायर में रखे फूड्स के न्यूट्रिएंट्स गायब हो सकते हैं.

2. स्टार्च वाले फूड्स चावल, मक्का और कुछ सब्जियां एयर फ्रायर में ज्यादा देर तक पकने से एक्राइलमाइड नाम का कंपाउंड बना सकते हैं, जो कैंसर का खतरा बढ़ा सकता है.

## प्रेगनेंसी में थकान और कमजोरी है तो हो जाएं सावधान... वरना हो सकती है ये बीमारी

मां बनना हर लड़की का सपना होता है. लेकिन प्रेगनेंसी के दौरान होने वाली तकलीफें सहन करना थोड़ा मुश्किल होता है. ऐसे में महिलाओं के हार्मोन चेंज होना आम बात है. प्रेगनेंसी के दौरान थकान और कमजोरी एक सामान्य अनुभव हो सकता है, जिसे आप हल्के में ना लें. प्रेगनेंसी के समय आमतौर पर महिलाएं एनीमिया से भी पीड़ित हो जाती हैं.

**आहार में पर्याप्त आयरन**-बता दें कि गर्भावस्था में एनीमिया मां और शिशु दोनों के लिए ही खतरा बन जाता है. ऐसी स्थिति में महिलाएं शारीरिक और मानसिक परिवर्तनों के कारण थकान महसूस करती है. इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए, क्योंकि कई बार यह किसी अन्य समस्या का संकेत भी हो सकता है. यदि आप मानसिक रूप से स्वस्थ हैं, तो होने वाला बच्चा भी स्वस्थ ही रहेगा. इसके लिए आप पर्याप्त आराम करें, व्यायाम करें, स्वस्थ भोजन करें और तनाव न लें. गर्भावस्था में महिलाओं को अपने आहार में पर्याप्त आयरन लेना चाहिए, यदि उन्हें आयरन नहीं मिलता है, तो एनीमिया होने की आशंका बढ़ जाती है.

**ऐसे होता हैं महिलाओं में एनीमिया**-प्रेगनेंसी के दौरान महिलाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में कई परिवर्तन होते हैं. कई महिलाओं को इस दौरान तकलीफें और समस्याएं होती हैं. जैसे - थकान और कमजोरी होना, चक्कर आना, नींद न आना, एनीमिया, साइकोलॉजिकल प्रेशर, पेट की समस्याएं, स्तन के दर्द आदि. फोलेट की कमी से भी महिलाओं में एनीमिया देखा जाता है. इसके अलावा कई बार अनहेल्दी फूड और इंफेक्शन के कारण भी गर्भवती महिलाएं एनीमिया का शिकार होती हैं. रक्त में हीमोग्लोबिन की मात्रा कम होती है, जिससे शरीर को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पाता है.

**एनीमिया के लक्षण**-गर्भवती महिलाओं को अगर सांस लेने में तकलीफ, सिरदर्द, चक्कर, थकान, कमजोरी जैसे लक्षण दिखें तो डॉक्टर को जरूर दिखाएं, क्योंकि ये लक्षण एनीमिया के हैं. एनीमिया में स्किन का रंग पीला हो जाता है और हाथ-पैर ठंडे होने लगते हैं. ऐसी स्थिति यदि महिला की है तो उसे हल्के में ना लें और डॉक्टर से स्थिति के आधार पर उपचार करवा लें.

## एक नजर

### पीड़ितों एवं आश्रितों को मिली क्षतिपूर्ति राशि की स्वीकृति

**सुकमा, 14 मार्च ।** कलेक्टर श्री हरिस. एस ने जिले के विभिन्न थानों में दर्ज 05 प्रकरणों पर 2 लाख 60 हजार रुपए की अंतरिम पीड़ित क्षतिपूर्ति राशि की स्वीकृति दी है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के आदेश के आधार पर पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना 2011 के तहत अंतरिम पीड़ित क्षतिपूर्ति राशि स्वीकृत करने की अनुशंसा की गई है।उक्त आदेश के तहत छिंदगढ़ थाना में दर्ज प्रकरण में मृतिका की पुत्री कुमारी देवे माड़वी को एक लाख रूपए तथा थाना मरईगुड़ा में मृतिका के पिता कोया मरकाम को 50 हजार रुपए और माता भीमे मरकाम को 50 हजार रुपए की अंतरिम पीड़ित क्षतिपूर्ति राशि स्वीकृत किया गया। छिंदगढ़ थाना में दर्ज प्रकरण में मृतक के पुत्र माड़वी भीमा, कोंटा थाना में दर्ज प्रकरण में मृतक की पत्नी मड़कम सुक्की तथा केरलापाल थाना में दर्ज प्रकरण में मृतिका के पिता राम यादव को क्रमशः 20-20 हजार रुपये की अंतरिम पीड़ित क्षतिपूर्ति राशि स्वीकृत किया गया।

### पेटीएम के नाम पर ठगी

**भिलाई, 14 मार्च।** भिलाई पेटीएम के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 07 सड़क एवेन्यु ए क्वाटर 39 डी निवासी कुमकुम दास के मोबाईल पर अज्ञात मोबाइल धारक ने काल किया था अज्ञात ने पिताजी को केटरर्स का एडवांस देने का झांसा देकर 50 हजार रुपए की ठगी कर दिया आरोपी ने पीड़ित को मोबाईल से पेटीएम में ज्यादा पैसा डालने का हवाला दिया ठगी करने वाले का मोबाइल 9238010344 है। उक्त नंबर से ही पीड़ित को कॉल किया गया था पीडित का खात बैंक ऑफ बडोदा सेक्टर 10, जोनल मार्केट में है ठगी की घटना 3 फरवरी 2024 की है साइबर काइम में शिकायत के बाद दर्ज करने हेतु दिनांक 17-02-2024 को मेरे मोबाइल पर 33 हजार 900 रकम रोक लगाने की जानकारी मिली पीड़ित के खाते में 33 हजार 705 रूपये खाते में वापसी हुई।

### खाते से पैसे पार,जुर्म दर्ज

**भिलाई, 14 मार्च।** भिलाई साली और उसके बेटे ने मिलकर खाते से रुपए पार करने के मामले में पुलिस ने दोनों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है पुलिस ने धापरा 420, 34 के तहत कार्रवाई किया है भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि एमआईजी 2/188, आमदी नगर हुडको निवासी अरुण चक्रवर्ती ने शिकायत किया है। प्लाट न-01 स्ट्रीट-24 अ अवधपुरी रिसाली श्रीमती वंदना मिश्रा और उसका बेटा रजत मिश्रा ने पत्नि की मौत के बाद बिना जानकारी के खाते से युपीआई से 1 लाख 1 हजार रुपए निकालकर धोखाधड़ी किया है। जिसकी शिकायत पीडित ने एसपी से की है पीड़ित की पत्नि अर्चना चक्रवर्ती की मौत 13 जुलाई 2023 को कैंसर से हुई थी पत्नि का केनरा बैंक सेक्टर 6 भिलाई में खाता है बीमारी के समय पत्नी का मोबाइल निभा हजारा के पास था ।

# मुख्यमंत्री के निर्देशों का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो:कलेक्टर

**बीजापुर 14 मार्च ।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले में संचालित समस्त विकास कार्यो की विभागवार समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, पीएचई, आदिम जाति, क्रेडा, विद्युत, कृषि, उद्यानिकी सहित अन्य विभागों में संचालित कार्यो की प्रगति की जानकारी ली।

बैठक में कलेक्टर श्री पाण्डेय ने मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित विडियोकांफ्रेस में दिए गए निर्देशों का अक्षरसः पालन करने के लिए सभी अधिकारियों को मुख्यमंत्री के निर्देश से अवगत कराते हुए जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन के निर्देश दिए।



ज्ञातव्य है कि आज मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विडियोकांफ्रेसिंग के माध्यम से समस्त जिले के कलेक्टर एवं एसपी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जिसके तहत केन्द्र और राज्य शासन की समस्त फ्लेगशिप योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। सप्ताह में कार्य दिवस 05 दिन का हो गया है उक्त कार्य दिवसों दिवसों में पूरी तन्मयतापूर्वक जनहित के कार्यो का निराकरण करने, समय पर कार्यालय पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं।डीएमएफ फंड का दुरूपयोग किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं की जाएगी पूर्व में डीएमएफ राशि का जिस तरह दुरूपयोग हुआ है उसका पुनरावृति न हो। डीएमएफ राशि का उपयोग नियमानुसार हो, कार्य एजेंसी और ठेकेदारों पर सतत निगरानी रखने, तेंदूपत्ता संग्राहकों को समय पर पारिश्रमिक का भुगतान करने, प्रति मानक बोरा 5500 निर्धारित है इसके अलावा तेंदूपत्ता संग्राहकों को अन्य योजनाओं का लाभ सुगमतापूर्वक मिले, प्रधानमंत्री आवास निर्माण में तेजी लाने शासन की विभिन्न योजनाओं की राशि डीबीटी के माध्यम से हितग्राहियों को दी जा रही है। जिसमें धान का बोनस, महतारी वंदन योजना, 31 सौ रूपए धान खरीदी के अंतर की राशि सहित केन्द्र सरकार के विभिन्न योजनाओं की राशि हितग्राहियों के खाते में सीधे पहुंच रही है। इस हेतु बैंको में राशि आहरण में किसी भी तरह की कठिनाई या असुविधा न हो, बस्तर में सुरक्षा कैम्प की छवि सुविधा कैम्प के रूप में होनी चाहिए जिसके लिए शासन द्वारा ÷नियद नेल्लानार योजना÷ शुरू की गई है जिसके तहत पुलिस सुरक्षा कैम्प के आसपास 5 किलोमीटर के दायरे में गांवों में सभी बुनियादी सुविधाएं दी जा रही है।

उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जमीनीस्तर पर कार्य करने के निर्देश कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार, संयुक्त कलेक्टर श्री कैलाश वर्मा, एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल सहित जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारीगण, एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, सीईओ जनपद पंचायत सीएमओ नगरीय निकाय एवं समस्त तहसीलदार उपस्थित थे।

## खारुन नदी के किनारे जुआ खेल रहे लोगों को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई । रायपुर से लगे अमलेश्वर में खारून नदी किनारे गौठान के पास खुले स्थान में रात को टार्च की रोशनी में जुआ खेल रहे जुआरियों को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। कुछ पुलिस को देखकर भागने लगे तो उसे दौड़ाकर पकड़ा गया। प्रापर्टी डीलर सहित 12 लोग गिरफ्तार हुए हैं। पकड़े गए सभी रायपुर के रहने वाले हैं। आरोपियों के कब्जे से 85 हजार 750 रुपए ,11 नग मोबाइल व मोटर साइकिल जब्त की है।

पाटन एसडीओपी देवांश सिंह राठौर ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम जमराव स्थित सार्वजनिक स्थान खारून नदी किनारे गौठान के पास खुले स्थान में कुछ व्यक्ति रूपये पैसे का हारजीत का दांव लगाकर ताश पत्ती से काट पत्ती नामक जुआं खेल रहे है। सूचना पर टीम रवाना होकर घेराबंदी कर राजा बघेल(38 वर्ष) निवासी तेलीबांधा रायपुर ,अनिल कुमार(60 वर्ष ) निवासी गोकुल नगर रोड मोतीनगर टिकरापारा जिला रायपुर,मनोज यादव(37 वर्ष) निवासी तेलीबांधा रायपुर जिला रायपुर,अजय कारवानी(47 वर्ष) निवासी सिंधी कालोनी गली नं. 03 तेलीबांधा रायपुर जिला रायपुर,गब्बर उर्फ शेख बाबुद्दीन (49 वर्ष) निवासी राजा तालाब नुरानी चौक सिविल लाइन जिला रायपुर,विवेक पाण्डेय (34 वर्ष) निवासी सिंधी कालोनी गली रायपुर जिला रायपुर,सौरभ जैन (35वर्ष) निवासी राजेन्द्र नगर सरोज नर्सिंग होम के पास जिला रायपुर,नसीर खान(47 वर्ष) निवासी सेन्चुरी कालोनी सेक्टर 04 थाना डीडीनगर जिला रायपुर,शुभम कुर्रे (28 वर्ष) निवासी तेलीबांधा रायपुर,गुलाब दास मारकण्डे (30 वर्ष) निवासी तेलीबांधा रायपुर,मोहित यादव (18 वर्ष) निवासी डगनिया सरकारी स्कूल के पास थाना डीडीनगर जिला रायपुर, विश्वनाथ पाण्डेय (30वर्ष) निवासी श्याम नगर कृष्ण मंदिर तेलीबांधा जिला रायपुर है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अमलेश्वर निरीक्षक अनिल पटेल, प्र.आर. 172 शोभाराम साहू एवं एसीसीयू दुर्ग के निरीक्षक कपिल देव पाण्डेय, प्र.आर. संतोष मिश्रा, प्रदीप सिंह ठाकुर, चंद्रशेखर बंजीर, आरक्षक तिलेश्वर राठौर, फारूख, जगजीत जग्गा, धीरेन्द्र, अनुप शर्मा, शहबाज खान, भावेश पटेल एवं पंकज चतुर्वेदी शामिल थे।

### कलेक्टर ने अधीक्षिका अंशु मिंज को निलंबित किया

**बीजापुर 14 मार्च ।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय द्वारा कर्तव्य पर लापरवाही बरतने वाले अधीक्षिका श्रीमती अंशु मिंज व्याख्याता एलबी शासकीय उच्त्तर माध्यमिक विद्यालय गंगालूर को शासन के अनुमोदन की प्रत्याशा में (छ.ग.) सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के उपनियम (1) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन की अवधि में उक्त अधीक्षिका को विकासखण्ड मुख्यालय भैरमगढ़ निर्धारित करते हुए नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दी जाएगी।

### ग्राम विकास के लिए प्लानिंग टीम का किया गठन

**कांकेर।** कांकेर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत नाथियानवागांव में जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत को मजबूत करने के लिए सभी पंचायत कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य ग्राम पंचायत प्लानिंग एवं फैसिलिटेशन टीम का गठन किया गया।

### राज्य खेल अलंकरण में जिले के सॉफ्टबॉल के 11 खिलाड़ी होंगे अलंकृत



**बीजापुर, 14 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विगत 4 वर्षो बाद होने वाले राज्य खेल अलंकरण समारोह जो कि रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 14 मार्च सुबह 11ः00 बजे से संपन्न होंगे जिसमें राज्य के मुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री के द्वारा अलंकरण समारोह में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त खिलाड़ियों को विभिन्न अलंकरणों से नवाजा जाएगा जिसमें जिले बीजापुर से बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी में संचालित सॉफ्टबॉल खेल के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय 11 खिलाड़ी को मुख्यमंत्री जी के हाथो द्वारा सम्मानित किया जाएगा जिसमें खिलाड़ी सुरेश हेमला राकेश महोबिया जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया था उन्हें खेल गौरव अलंकरण वही रेणुका तेलम रिबिका वाचम कविता हेमला ज्योति हमला और अनीता कुड़ियम ने सब जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया था उन्हें खेल अंकुर अलंकरण से तथा सीनियर नेशनल में कांस्य पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी सुनीता हेमला कविता हेमला आशा हेमला और ज्योति हेमला को खेल शिखर अलंकरण से माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा सम्मानित किया जाएगा। ये अलंकरण समाहरोह सत्र 2019-20 एवं 2020-21 का है बाकी सत्रों के भी बचे हुए समारोह जल्द से जल्द कराए जाएंगे जिसमे उत्कृष्ट खिलाड़ियों की भी घोषणा की जाएगी। अकादमी के अंतराष्ट्रीय कोच एवं जिले के श्रम निरीक्षक सोपान कर्णेवार ने बताया के वह भी सॉफ्टबॉल खेल पंकज विक्रम अवॉर्डी उत्कृष्ट खिलाड़ी अवार्ड एवं मुख्यमंत्री ट्रॉफी से समानित हो चुके है और खेल कोटे से ही उन्हें 2015 में श्रम निरीक्षक के पद पर बीजापुर में पदस्थ किया गया आने वाले सालों में बीजापुर के सॉफ्टबॉल खिलाड़ी भी उत्कृष्ट खिलाड़ी अवार्ड से सम्मानित किए जाएंगे। जिले की इस उपलब्धि के लिए जिलाधीश श्री अनुराग पाण्डेय सीईओ श्री हेमंत नरेश नंदनवार खेल प्रभारी श्री दिलीप उइके ने सभी खिलाड़ियों बधाई एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### पीसीसी ने विधायक संगीता सिन्हा के नेतृत्व में 8 सदस्यीय जाँच दल का गठन किया

**बीजापुर, 14 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर जिले के गंगालूर आवासीय बालिका हाई स्कूल पोटाकेबिन कक्षा बारहवीं में अध्ययनरत छात्रा के गर्भवती होने व नवजात बच्चे को जन्म देने की घटना को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने बालोद विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा के नेतृत्व में आठ सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है,

जिसमें 1. बालोद विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा संयोजक, 2. विधायक सिहावा श्रीमती अंबिका मरकाम सदस्य 3. विधायक भानुप्रतापपुर श्रीमती सावित्री मण्डावी सदस्य 04.अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर श्रीमती सुभद्रा सलाम सदस्य,05 अध्यक्ष जिला पंचायत नारायणपुर श्रीमती श्यामबति नेताम सदस्य,06अध्यक्ष जिला पंचायत दंतेवाड़ा सुश्री तुलिका कर्मा सदस्य,07 सदस्य जिला पंचायत बीजापुर श्रीमती नीना रावतिया उद्दे,08 अध्यक्ष जनपद पंचायत बीजापुर श्रीमती बोधि ताती सदस्य आदि शामिल है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जांच समिति के सदस्यों से आग्रह किया है कि, वे अविलंब प्रभावित गांव / छात्रवास का दौरा कर पीड़ित परिवार सहित स्थानीय ग्रामवासियों/छात्रवास के अधिकारियों से भेंट / चर्चा कर घटना की वस्तुस्थिति से अवगत होकर अपना प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करेंगे। जाँच दल के संयोजक श्रीमती संगीता सिन्हा ने कहा है कि 15/03/2024 को आठ सदस्यीय जाँच दल गंगालूर जाएगी और घटना की जाँच कर समग्र जाँच प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करेगी।

### गंगालूर पोटा केबिन की छात्रा के साथ हुई अनैतिक घटना की जांच के लिए समिति का गठन

**बीजापुर, 14 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर जिले के गंगालूर शासकीय हाई स्कूल आवासीय छात्रावास (पोटा केबिन) अंतर्गत कक्षा 12वीं में अध्ययनरत छात्रा की गर्भवती होने व नवजात बच्चे को जन्म देने की घटना को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय श्री दीपक बैज जी ने बालोद के विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा जी के नेतृत्व में आठ सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है, जो निम्नानुसार है– 1. श्रीमती संगीता सिन्हाविधायक बालोदसंयोजक2. श्रीमती अंबिका मरकामविधायक सिहावासदस्य3. श्रीमती सावित्री मंडावीविधायक भानुप्रतापपुरसदस्य4. श्रीमती सुनद्रा सलामअध्यक्ष-जि.का. कमेटी, कांकेरअध्यक्ष जि.पं. नारायणपुरसदस्य5. श्रीमती श्यामबती नेताम सदस्य6. सुश्री तुलिका कर्मा अध्यक्ष- जि.पं. दंतेवाड़ा सदस्य-जि. पं. बीजापुर सदस्य 7. श्रीमती नीना रावतिया सदस्य 8. श्रीमती बोधी ताती अध्यक्ष जनपद पंचायत, बीजापुर सदस्य जांच समिति के सदस्यों से आग्रह है कि, वे अविलंब प्रभावित पोटा-केबिन का दौरा कर पीड़िता/परिजनों, छात्रावास प्रशासन तथा ग्रामवासियों से भेंट / चर्चा कर घटना की वस्तुस्थिति से अवगत होकर अपना प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करें।

### भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह 15 मार्च से की जा रही भव्य तैयारी

**महासमुंद ।** 15 मार्च से प्रारंभ होने वाले श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के लिये आयोजन समिति द्वारा भव्य तैयारियां की जा रही है । तत्संबंध में 15 दिनों पूर्व से ही सभी वार्डों में बैठकों का दौर जारी है । कथा स्थल मिनी स्टेडियम कालेज रोड महासमुंद को आकर्षक ढंग से निर्माण कार्य अंतिम चरण पर है । 15 मार्च शुक्रवार से 22 मार्च तक चलने वाली श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में देश के प्रसिद्ध कथा वाचक पं. हिमांशु कृष्ण भारद्वाज जी, बुलंद शहर उत्तरप्रदेश के श्रीमुख से जनमानस को कथा श्रवण कराया जायेगा । इस भव्य आयोजन हेतु इमलीभाठा क्षेत्र महासमुंद से बड़ी संख्या में मातृशक्ति कलश यात्रा में शामिल होकर कथा आयोजन के पूर्व भक्तिमय वातावरण तैयार करेंगे । आयोजन समिति की ओर से विक्रम ठाकुर, एम.आर. विश्वनाथन, सुजाता विश्वनाथन, टेकराम सेन, हनीश बग्गा, पप्पू ठाकुर, माखन पटेल, विजय चंद्राकर, जगदीश साहू द्वारा लगातार मातृशक्तियों से संपर्क कर कलश यात्रा हेतु पंजीयन कराया जा रहा है । आयोजन समिति की ओर से टेकराम सेन ने बताया कि इमलीभाठा क्षेत्र में मातृशक्तियों में विशेष उत्साह है । इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही जा रही है । उन्होंने सभी माताओं एवं बहनों से अपील की है कि इस भव्य आध्यात्मिक एवं भक्तिमय आयोजन में सम्मिलित होकर जीवन को धन्य करें एवं प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक चलने वाली अमृत रुपी कथा का श्रवण अवश्य करें ।

## विधायक ने विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया

**जामुल, 14 मार्च।** नगर पालिका परिषद जामुल क्षेत्र में विकास कार्य लगातार जारी है । क्षेत्रीय विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य में विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया गया । 15वें वित्त आयोग मद से 48 लाख रूपये लागत से बी.टी. रोड का भूमि पूजन एवं वार्ड 14 अकलोरडीह चौक में टी प्लांटेशन 39 लाख रूपये एवं वार्ड 10 में नहर पार से शीतला पुल तक 13 लाख रूपये के लागत से ट्यूबलर पोल प्रकाश व्यवस्था का लोकार्पण किया गया नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि हमारे नगर में हर क्षेत्र से कार्य हो रहा है । इसके लिए मैं हमारे सम्मानीय विधायक को सादर धन्यवाद देता हूं और आशा करता हूं कि उनका आशीर्वाद एवं सहयोग हमेशा मिलता रहेगा । मुख्य अतिथी क्षेत्रीय विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने कहा कि आप लोग शीघ्र ही विकास कार्य का प्रस्ताव बनाये विकास कार्य के लिए राशि की कोई कमी नहीं होगी और आपके नगर पालिका में ज्यादा से



ज्यादा विकास कार्य होगा । आभार प्रदर्शन मुख्य नगर पालिका अधिकारी अंकुर पाण्डेय ने किया । कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष सुनिता चेन्नेवार, पार्षदगण रेखराम बन्छोर, खम्हन ठाकुर, सरोजनी चंद्राकर, दीपक गुप्ता, संजय देशलहरे, अश्वनी साहू, निशा चेन्नेवार, सीमा यादव, रामप्यारी वर्मा, कविता विश्वाल, चुम्मन वर्मा, दुर्गा वैष्णव वरिष्ठ नागरिकगण जागेश्वर सोनी, हेमंत देवांगन, संजय शर्मा, उमेन्द वर्मा पालिका के अधिकारीगण सी.बी. परगनिहा, के.एन. ताम्रकार, विनोद कन्नौजिया सहित कर्मचारी गण उपस्थित थे ।

## विभिन्न संगठनों ने किया नपं अध्यक्ष राकेश का सम्मान



**महासमुंद, 14 मार्च।** नगर पंचायत तुमगाँव के अध्यक्ष एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राकेश चंद्राकर को पिछड़ा वर्ग मोर्चा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर नगर पंचायत तुमगाँव के वरिष्ठ नागरिक, पेंशनर संघ एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सम्मान किया। बीएसपी से रिटायर कर्मचारी रामकुमार साहू के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधान पाठक ने कहा एक बड़ा दायित्व मिलना सम्मान की बात है। उन्होंने श्री चंद्राकर को तुमगाँव क्षेत्र के विकास कर समाज सेवा को केन्द्र में रखकर काम करने की सलाह दी। कार्यक्रम आयोजक रामकुमार साहू ने कहा कि निरंतर मेहनत और जनकल्याण के कार्यों को प्राथमिकता देने के कारण राकेश चंद्राकर यहां तक पहुंचा है। उपरोक्त कार्यक्रम को महावीर निर्मलकर, तीरथ साहू ने भी संबोधित किया।

नपं अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने सभी वरिष्ठ जनों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आपका आशीर्वाद और स्नेह ही मेरा संबल है, आगे निरंतर परिश्रम कर इस क्षेत्र का नाम एवं आप सभी का गौरव बढ़े ऐसा कार्य पार्टी एवं संगठन के लिये करूंगा। इस अवसर पर रामकुमार साहू, होरीलाल निर्मलकर, कली राम साहू, जनक राम साहू, टीआर साहू, शिव साहू, कन्हैया साहू, तोषराम चंद्राकर, शिव कुमार यादव, मेहतर साहू, तीरथ साहू, गेंद लाल यादव, नरेंद्र साहू आदि उपस्थित थे।

### महिला, किसान सहित हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रहा मोदी सरकार : रमेश

**महासमुंद।** भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व व्यापारी प्रतिनिधि रमेश साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने चुनाव से पूर्व किए वादे को पूरा करते हुए प्रदेश में किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी के अंतर की राशि का भुगतान कर दिया है। वहीं, महिलाओं को भी महतारी वंदन योजना का लाभ देते हुए 1-1 हजार रु. की राशि उनके बैंक खातों में अंतरित की गई है। इस साल प्रदेश सरकार ने 1.47 लाख मीट्रिक टन धान की रिकॉर्ड खरीदी की थी।

जिसमें किसानों को सरकार ने समर्थन मूल्य यानी 2183 रूपए भुगतान किया था। शेष अंतर की राशि 917 रु. के मान से 24 लाख से अधिक किसानों के खाते में एकमुश्त राशि आने से किसानों में उत्साह का माहौल है। प्रदेश में भाजपा सरकार किसानों व महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रही है। महतारी वंदन योजना की राशि मिलने से पूरे प्रदेश में महिलाएं उत्साहित हैं। हर माह उन्हें एक निश्चित राशि मिलने से आवश्यक खर्च के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। सालाना 12 हजार रु. से वे घर खर्च में सहयोग कर सकेंगी।

श्री साहू ने केंद्र सरकार के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशहित में लगातार फैसले ले रहे हैं। नागरिकता संशोधन कानून सीएए लागू कर दूसरे देश्यों से आए अल्पसंख्यकों को भारत की नागरिका प्रदान कर उन्हें कानूनी अधिकार प्रदान कर रहे हैं। अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांगलदेश आदि देशों से हिंदु, सिख, जैन, बौद्ध, इसाई आदि धर्म के लोगों को जो 2014 से पहले भारत में शरण लिया था उन्हें स्थाई नागरिकता प्रदान कर उन्हें मूलभूत सुविधाएं प्रदान किया है। इसके अलावा रसोई गैस के दामों में कमी कर गृहणियों को महंगाई से राहत देने का प्रयास भी केंद्र सरकार ने किया है। श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देशभर में हर वर्ग के लोगों के हित के लिए कार्य किया जा रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव में देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने मुहर लगाएंगे।

एक नजर



## राजिम के मेला स्थल एवं अन्य जगहों की लगातार की जा रही साफ - सफाई

**राजिम 14 मार्च ।** कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर राजिम कुंभ कल्प मेला के आयोजन के उपरांत पर्यटन विभाग के समन्वय से राजिम के विभिन्न स्थलों का साथ -सफाई लगातार किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राजिम कुंभ कल्प मेला का आयोजन माघ पूर्णिमा के अवसर पर 24 फरवरी से 08 मार्च 2024 तक किया गया था। इस दौरान भी राजिम सहित मेला स्थल पर प्रतिदिन साफ - सफाई किया जा रहा था। देश - विदेश के लाखों की संख्या में दर्शनार्थी पहुंचे हुए थे। मेला समापन पश्चात मास इंडिया एजेंसी, क्लिन टेक के कुल 43 सफाई कर्मचारियों द्वारा राजीव लोचन मंदिर, कुलेश्वर महादेव मंदिर, कार्यक्रम स्थल, नदी सहित अन्य स्थलों की सफाई की जा रही है। मास इंडिया एजेंसी की 23 सदस्यों द्वारा सुबह 7 बजे से शाम साढ़े 6 बजे तक तथा क्लीन टेक कंपनी के 20 सदस्यों द्वारा सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक सफाई की जा रही है। सफाई कर्मचारियों द्वारा नदी में बनाए गए स्नान कुंड, श्रद्धालुओं के लिए आवागमन के लिए अस्थाई रूप से लगाए गए पत्थर, प्लास्टिक बोरे, बांस - बल्लियां को हटाने की कार्यवाही भी की जा रही है। इसका निरीक्षण लगातार अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है।

## जिले के हायर सेकेंडरी स्तर के स्कूली बच्चों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण



**रायगढ़, 14 मार्च।** समग्र शिक्षा के राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत हायर सेकेंडरी स्तर के बच्चों को जिले से बाहर के प्रसिद्ध स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन तथा जिला मिशन समन्वयक श्री नरेंद्र चौधरी, जिला नोडल अधिकारी एपीसी श्री आलोक स्वर्णकार के मार्गदर्शन में 10 मार्च को जिले के विभिन्न विकासखंडों के 150 बच्चों का जत्था बिलासपुर जिले के लिए रवाना हुआ। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल शिवरी नारायण, रायगढ़ जिले के प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट अटल राक गार्डन बोतल्दा, बिलासपुर तारामंडल तथा जूलॉजिकल गार्डन कानन पेंडारी का भ्रमण किया गया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विशेषज्ञ शिक्षकों के द्वारा विज्ञान तथा इतिहास व पर्यटन स्थल के संबंध में उपयोगी जानकारी प्रदान की जाती रही। सभी बच्चों के द्वारा कानन पेडारी पार्क में विभिन्न प्रदेशों के तथा विदेशी जानवरों को देखकर अपनी खुशी जाहिर की। तारामंडल में आकाश दर्शन कर सभी बच्चे बहुत खुश हुए। शैक्षणिक भ्रमण प्रभारी श्री मनोज अग्रवाल रायगढ़ बीआरसी के द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम को बच्चों के शैक्षणिक उन्नति के लिए बहुत ही उपयोगी करार दिया। भ्रमण कार्यक्रम में सहायक प्रभारी राजकमल पटेल तथा सहयोगी के रूप में सौरभ पटेल, खगेश्वर साहू, ईश्वर पटेल का विशेष सहयोग रहा। इसके अलावा सभी विकासखंड से बच्चो के साथ उनके प्रभारी शिक्षक शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन पंजीयन की तिथि निर्धारित

**रायगढ़, 14 मार्च।** पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति अंतर्गत राज्य से बाहर अध्ययनरत (जिले के निवासी) विद्यार्थी एवं रायगढ़ जिले में संचालित समस्त शासकीय तथा अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कालेज, पालीटेक्निक एवं आईटीआई में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, वे 26 मार्च तक ऑनलाईन पंजीयन करा सकते हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं उच्चतर) के आवेदन पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की।

# राजिम कुंभ मेला-2024 में निशुल्क भोग-भंडारा का सफल आयोजन

- माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक एक लाख से अधिक लोगों ने भोग भंडारा में किया भरपेट भोजन
- साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति की अभिनव पहल
- फ्रांस से आए विदेशी पर्यटक ब्रूनो और पास्कल भी पहुंचे भंडारा में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**राजिम,14 मार्च।** निशुल्क भोग भंडारा में सांसद विधायक पूर्व विधायक जिला पंचायत सदस्य जनपद अध्यक्ष सरपंच पंच सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कलेक्टर अपर कलेक्टर एसडीएम तहसीलदार नायब तहसीलदार, तीनों जिले से पुलिस अधिकारी ,डॉक्टर शिक्षक इंजीनियर एवं स्वच्छता कर्मी भी शामिल हुए । माघ पूर्णिमा दिनांक 24 फरवरी से 8 मार्च 2024 महाशिवरात्रि तक 14 दिनों तक लगातार राजिम कुंभ मेला में आए हुए भक्तों को प्रतिदिन 8 से 10000 लोगों को निशुल्क भरपेट भोजन कराया जाता था इस आयोजन में सर्व समाज का सहयोग रहा और प्रतिदिन भोग भंडारा की शुरुआत करने के लिए अतिथियों का आगमन होता था। इस भोग भंडारा में विदेशी पर्यटक भी पहुंचकर भंडारा का लुत्फ उठाया । विदित हो कि राजिम कुंभ मेला 2024 में साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के द्वारा मेला में आए हुए श्रद्धालु भक्तों को भरपेट भोजन परोसने के लिए राजिम भक्तिन माता भोग भंडारा का आयोजन किया है। जिसमें सर्व समाज के सभी सामाजिक राजनीतिक अधिकारी कर्मचारी एवं आम लोगों के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया है और सर्व समाज की सहयोग से इस भोग भंडारा में महाशिवरात्रि तक लाखों लोगों ने भरपेट भोजन ग्रहण किए।लोगों को राजिम कुंभ मेला में भोजन के लिए भटकना नहीं पड़ा इस भोग भंडारा में सर्व समाज का सहयोग लेकर यह कार्य किया गया है इस भोग भंडारा में किसी भी प्रकार से सरकारी मदद नहीं लिया गया है किंतु छत्तीसगढ़ राज्य के पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के निर्देश पर सर्व सुविधायुक्त पंडाल प्रदान किया गया।तथा महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू राजिम विधायक रोहित साहू रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू कसडोल के विधायक संदीप साहू पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष विपिन साहू प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू के प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू समिति के संरक्षक डॉ रामकुमार साहू समिति के मार्गदर्शक प्रोफेसर घनाराम साहू रायपुर पंडित घनश्याम साहू समिति के अध्यक्ष लाला साहू के मार्गदर्शन में भोग भंडारा का आयोजन किया गया एवं गरियाबंद जिला के आला अफसर जिले के जिलाधीश दीपक अग्रवाल एसडीएम धनंजय नेताम हितेश पिसदा सी ई ओ प्रतीक प्रधान श्री राजीव लोचन ट्रस्ट कमेटी पंडित परिषद सर्व ब्राह्मण समाज कहार भोई समाज इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकारों के साथ-साथ साहू समाज के विशेष योगदान से राजिम कुंभ मेला में 14 दिनों तक भोग भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें लाखों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर तृप्त हुए ।साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के द्वारा सामाजिक समरसता की भावना को प्रगाढ़ बनाने के उद्देश्य को लेकर उठाया गया यह कदम सार्थक साबित हुआ सभी लोग समिति के इस कार्य की सराहना कर रहे हैं।

## मुठभेड़ के बाद नक्सली भागे



**बीजापुर, 14 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दिनांक 11/03/2024 को बोड़गा के जंगल में भैरमगढ़ एरिया कमेटी के माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी एवं एसटीएफ की संयुक्त टीम बोड़गा, ताकीलोड, उसपरी की ओर निकले थे ।दिनांक 12/03/2024 के लगभग 15.00 बजे बोड़गा के जंगलों में पुलिस और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ मुठभेड़ पष्चात घटनास्थल का सर्च करने पर घटना स्थल से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, नक्सल साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामाग्री बरामद किया गया।पुलिस और माओवादियों के बीच हुए क्रास फायरिंग में बोड़गा निवासी राजे ओयाम उम्र 44 वर्ष को लगी गोली पीड़ित परिवार की सहायता हेतु तत्काल पहुंचे पुलिस बल। घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैरमगढ़ में प्राथमिक उपचार उपरान्त हायर सेंटर मेडिकल कॉलेज डीमरापाल जगदलपुर के लिये रवाना किया गया है ।ब्लड की आवश्यकता हुई तो घायल महिला के ब्लड ग्रुप वाले जवान भी घायल महिला के साथ मेडिकल कॉलेज रवाना किये गये है ।मुठभेड़ में भैरमगढ़ एरिया कमेटी भैरमगढ़ एरिया कमेटी के कुछ माओवादियों सदस्य के घायल होने की जानकारी भी प्राप्त हुई। आसपास क्षेत्र में पुलिस बल द्वारा की जा रही सर्चिंग।

## विशेषज्ञ समिति ने किया उपजेल का निरीक्षण



**बीजापुर, 14 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन, संचालनालय महिला बाल विकास विभाग नया रायपुर एवं कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के निर्देशानुसार जिला बीजापुर में उपजेल निरीक्षण हेतु विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया है। विशेषज्ञ निरीक्षण समिति द्वारा दिनॉक 13 मार्च 2024 को उपजेल जिला बीजापुर का निरीक्षण किया गया। विशेषज्ञ निरीक्षण समिति द्वारा प्रत्येक बैरक में जाकर बंदी का प्रत्यक्ष अवलोकन किया गया। जिसमें निरीक्षण के दौरान उपजेल बीजापुर के बैरक में कुल 118 निरूद्ध बंदियों का अवलोकन किया गया। बैरक में उपस्थित सभी बंदियों से बातचीत कर उनके दिनचर्या के बारे में जानकारी ली गई । पूछताछ के दौरान नाबालिक बंदी नहीं पाये गये है। जेल निरीक्षण के दौरान श्री बालमिकी ध्रुव (उपजेल अधीक्षक) एवं विशेषज्ञ समिति के सदस्य श्री राहुल कुमार कौशिक (जिला बाल संरक्षण अधिकारी), श्री बाडसे नागू (किशोर न्याय बोर्ड सदस्य), श्रीमिति मिनी सत्यन (बालक कल्याण समिति सदस्य), कु0 आनंदमई मल्लिक (विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी), श्री गणेश्वर झाडी (गैर संस्थागत अधिकारी), एवं श्रीमती देवम्मा (महिला सेल आरक्षक) उपस्थित रहे।

## प्रखर फाउंडेशन खाद्य कारोबारियों को देगा प्रशिक्षण

**राजिम,14 मार्च।** भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत खाद्य कारोबारकर्ताओं का प्रशिक्षण हेतु प्रतिबद्ध है। खाद्य कारोबाकर्ताओं का खाद्य सुरक्षा विषय से संबंधित प्रशिक्षण कराने हेतु भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण नई दिल्ली ने वर्तमान में 229 ट्रेनिंग पार्टनर को अधिकृत किया हुआ है। एफ.एस.एस.ए.आई. से अधिकृत ट्रेनिंग पार्टनर देश भर विभिन्न स्थानों पर एफ.एस.एस.ए.आई. द्वारा निर्धारित फीस पर खाद्य कारोबारकर्ताओं का प्रशिक्षण आयोजित करते है एवं खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 और इनके नियमों

विनियमों की जानकारी आडियो विडियो एनीमेशन उदाहरण आदि के माध्यम से प्रशिक्षित करते है। खाद्य कारोबारकर्ताओं को एफ.एस.एस.ए.आई. प्रशिक्षकों द्वारा कारोबार के प्रकार के आधार पर खाद्य प्रतिष्ठानों की डिजाईन एवं आवश्यक अधोसंरचना, कारोबार के प्रकार के आधार अपनाई जाने वाली मानक संचालन प्रकिया ×. मेंटेनेंस और सेनेटाईजेशन, आडिट एवं प्रशिक्षण आदि की बारीकि से जानकारी दिया जाता है। साथ ही विभिन्न विधिक पहलुओं पर खाद्य कारोबारकर्ताओं को जानकारी दिया जाता है। इंपैनल्ड ट्रेनिंग पार्टनरों द्वारा लिये जाने वाले शुल्क में पूरे देश में एकरुपता हो इस उद्देश्य से एफ.एस.एस.ए.आई. द्वारा दिनांक 2×.06.2021 को सर्कुलर जारी कर खाद्य कारोबारकर्ता अनुसार फीस निर्धारित किया गया है। सर्कुलर अनुसार इंपैनल्ड ट्रेनिंग पार्टनर बेसिक कोर्स के लिये रुपये 700-1200 + जीएसटी एवं एडवांस कोर्स के लिये रुपये 1500-2000 + जीएसटी फीस ले सकते है । प्रशिक्षण उपरांत खाद्य कारोबारकर्ताओं को यूनिक सीरियल नंबर / क्यू आर कोड युक्त एफ.एस.एस.ए.आई. से जारी प्रमाण पत्र दिया जाता है ।खाद्य कारोबारकर्ताओं को प्रशिक्षण हेतु दूर ना जाना पडें एवं अपने ब्लॉक मुख्यालय / शहर में आसानी से प्रशिक्षण उपलब्ध हो सके इस हेतु खाद्य कारोबारकर्ता एवं प्रखर फाउंडेशन इंपैनल्ड ट्रेनिंग पार्टनर के सहयोग से अभनपुरब्लॉक के खाद्य कारोबारकर्ताओं हेतु निम्नानुसार सशुल्क प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।प्रशिक्षण एवं फीस के संबंध में विस्तार से जानकारी एफ.एस.एस.ए.आई. के आफिशियल वेबसाईट https://fostac.fssai.gov.in से ली जा सकती है।खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग खाद्य कारोबारकर्ताओं से अपील करता है कि अपने खाद्य कारोबार के प्रकार के आधार पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर प्रशिक्षण का लाभ लेवें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिये खाद्य अनुज्ञप्ति / पंजीयन / आधारकार्ड साथ लावें ।

## अग्निवीर भर्ती के लिए प्राचार्यो की बैठक सम्पन्न



**राजिम, 14 मार्च।** अग्नि वीर भर्ती हेतु समस्त प्राचार्यों का बैठक बी आर सी भवन फिंगेश्वर में विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र कुमार जोशी द्वारा लिया गया. इस बैठक में अग्नि वीर के संदर्भ में जानकारी देते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा साल 2022 से अग्निवीर योजना शुरू किया गया है. इसी तारतम्य में अग्निवीर भर्ती हेतु गरियाबंद जिले के प्रत्येक हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य अग्निवीर भर्ती हेतु छात्र छात्राओं को प्रेरित करते हुए अधिक से अधिक छात्र छात्राओं का पंजीयन करावें.अग्नि वीर भर्ती दो चरणों में होगा. जिसमें प्रथम चरण में कंप्यूटर आधारित लिखित परीक्षा एवं द्वितीय चरण में शारीरिक परीक्षण एवं चिकित्सा परीक्षा होगी. अतः सभी प्राचार्य निर्धारित तिथि तक अग्नि वीर भर्ती हेतु पंजीयन कराकर उनकी जानकारी देवें. इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्राचार्य देवकरण सेवई, कोमलदास मानिकपुरी, पूरन लाल साहू,मनहरण लाल यदु,चैतन्य यदु,दिनेश कुमार श्रीवास,लाकेश्वर द्विवेदी, रंभा ध्रुव,मेघा ठाकरे,सोनाली पवार, सिंधु साहू,रामकुमार साहू,साधु राम ध्रुव,कृष्ण कुमार यदु,पवन साहू.अजय तिवारी,बी एल ध्रुव,सहित फिंगेश्वर विकासखंड के प्राचार्य गण उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम सूरज राष्ट्रीय पोर्टल लॉन्च किया



**बीजापुर, 14 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा वंचितों को वरियता मोदी सरकार की गारंटी के तहत् पीएम सूरज राष्ट्रीय पोर्टल का लॉच किया गया (सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जनकल्याण) उक्त निर्धारित कार्यक्रम मे बीजापुर जिले के सफाई कर्मचारी एवं चतुर्थ वर्ग के 206 कर्मचारियों ने भाग लिया तथा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संदेश को तन्मयता पूर्वक लोगों ने सुना। लगभग 1 घंटे तक प्रोग्राम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि श्री नंद किशोर राणा वार्ड क्रमांक 01, श्री कमकलेश कुमार पटेल उपसंचालक समाज कल्याण, श्री कृष्णलाल लीड बैंक मैनेजर, श्री गौतम शाखा प्रबंधक ग्रामीण बैक बीजापुर, एवं श्री वीरेंद्र देवांगन शाखा प्रबंधक ग्रामीण बैक भैरमगढ़ की गरिमामय उपस्थिति में उक्त कार्य सम्पन्न हुआ।उक्त कार्यक्रम में 02 हितग्राही रंजना देवी रावतपारा बीजापुर 1 लाख रूपये तथा घासीराम यादव भैरमगढ़ मारकापाल 5 लाख रूपये की स्वीकृति पत्र जनप्रतिनिधि के उपस्थिति में प्रदान किया गया।

# पौत्र के जन्मोत्सव पर धमनी स्कूल में न्योता भोज दिया




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**फिंगेश्वर, 14 मार्च।** छत्तीसगढ़ के स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत सामुदायिक सहभागिता से न्योता भोज कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसी के तहत शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला धमनी में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। न्योता भोज का आयोजन जनपद सदस्य भुनेश्वरी साहू एवं अंतरिक्ष साहू के द्वारा अपने पौत्र के जन्मोत्सव के अवसर पर किया गया। कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों को खीर पूड़ी, मिठाई केला, अंगूर के साथ मध्यान्ह भोजन प्रदान किया गया। इस अवसर पर भुनेश्वरी साहू ने कहा कि न्योता भोज शासन की एक अभिनव पहल है जिसमें समुदाय को स्कूल में सहभागिता का अवसर प्राप्त होता है, साथ ही साथ बच्चों को भोजन कराने पर आत्मिक खुशी प्राप्त होती है। उन्होंने सभी लोगों को अपने घर में विभिन्न तीज त्योहार एवं खुशी के अवसर पर बच्चों को न्योता भोज करने की अपील की। शिक्षक महेन्द्र पंत ने न्योता भोज आयोजक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि यह धमनी स्कूल का पहला न्योता भोज है तथा उनके इस पहल से प्रभावित होकर अन्य लोग भी न्योता भोज के लिए प्रेरित होंगे। कार्यक्रम में प्रभारी प्रधान पाठक प्रीति नायक शिक्षक महेन्द्र पंत, उत्तम भारती, मनीषा दीवान शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं पालक गण उपस्थित थे।

## 17 मार्च को होगी उल्लास नवभारत साक्षरता महापरीक्षा



**बीजापुर, 14 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्व्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्याकंन परीक्षा 17 मार्च को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के आयोजन के संबंध में राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर (छ0ग0) के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण बीजापुर श्री अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में विकासखण्डों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। 17 मार्च 2024 को आयोजित महापरीक्षा अभियान में 7000 शिक्षार्थी का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस अभियान में 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को शामिल किया जायेगा। शिक्षार्थी सुविधानुसार नजदीकी परीक्षा केन्द्र में प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक शामिल हो सकेंगे।06 मार्च 2024 को जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना अधिकारी की अध्यक्षता में एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित की गई है, जिसमें सर्वे-एण्ट्री संबंधी कार्य एवं महापरीक्षा अभियान संबंधी प्रशिक्षण स्त्रोत व्यक्ति द्वारा जिले के समस्त संकुल शैक्षणिक समन्वयक को प्रदान किया गया है।

## एयरटेल ने रायपुर में सभी कर्मचारियों को ग्राहकों से साथ व्यावहारिक संपर्क के लिए फ्रंटलाइन टीमों में शामिल करके ग्राहक दिवस मनाया

**रायपुर, 14 मार्च।** भारत के प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज देश में अपने सभी कार्यालय स्थानों पर ग्राहक दिवस मनाया। ऐसे सभी एयरटेल कर्मचारी, जो सीधे ग्राहकों से संपर्क बनाए रहते हुए काम करने की जिम्मेदारियों में नहीं थे, वे अपनी रोजमर्रा की भूमिकाओं से बाहर निकलकर ग्राहकों के सीधे बातचीत करने के लिए फ्रंटलाइन कर्मचारियों में शामिल हुए। देश के सभी एयरटेल कार्यालय स्थानों के कर्मचारियों ने बाजारों में होम डिलीवरी इंजीनियरों, फाइबर एक्सक्यूटिव्स और रिटेल कर्मचारियों के साथ काम किया। इन कर्मचारियों में शीर्ष सीनियर लीडरशिप टीम से लेकर सभी कार्यालयों के जूनियर मैनेजर तक सभी शामिल रहे। ग्राहक दिवस, एयरटेल की कई पहलों का एक हिस्सा है>

# वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने जारी की 44.41 लाख स्वेच्छानुदान राशि













रायगढ़, 14 मार्च। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने अपने स्वेच्छानुदान मद से 1497 जरूरतमंद हितग्राहियों को 44 लाख 41 हजार रुपए जारी किए हैं। जिसमें से छात्रों को पढ़ाई-लिखाई में सहयोग के साथ ही अन्य हितग्राहियों को स्व-रोजगार और इलाज के लिए भी वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने अपने स्वेच्छानुदान मद से राशि जारी की है। यह राशि छात्रों सहित सभी हितग्राहियों के खातों में अंतरित कर दिए गए हैं। छात्रों ने वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी को उनके सहयोग के लिए के लिए बहुत-बहुत आभार जताया है।

लोईंग निवासी सुश्री निकिता चौहान ने बताया कि वह बीए फर्स्ट ईयर में अध्ययनरत है। परिजन रोजी मजदूरी करते है, लिहाजा स्वेच्छानुदान की राशि से काफी सहायता मिल रही है। इसका उपयोग वह प्रतियोगिता परीक्षाओं की पुस्तकें व स्टेशनरी खरीदने में कर रही हैं। बेलादुला निवासी निर्मला विश्वकर्मा ने कहा कि वह नर्सिंग ग्रेजुएशन पूर्ण कर चुकी हूं। ऐसे में आगे की तैयारी के लिए स्वेच्छानुदान की राशि से सहायता मिल रही है।सृजन सिंह ने बताया कि वे इलेक्ट्रिकल ब्रांच के अंतिम वर्ष में पढ़ाई कर रहे है। स्वेच्छानुदान से प्राप्त राशि का उपयोग रेल्वे, गेट जैसे विभिन्न परीक्षाओं के फॉर्म भरने में कर रहे है। उन्होंने कहा कि यह अच्छी पहल है कि पढ़ाई में लगने वाली छोटी-मोटी जरूरतों के लिए घरवालों से मदद लेने की जरूरत नही पड़ रही है। रामभाठा संजय मैदान के श्री रोहन बैरागी ने बताया कि वह फर्स्ट सेमेस्टर सिविल में अध्ययनरत है। पुस्तकें महंगी है, ऐसे में काफी बुक इश्यू करवाना पड़ता है। स्वेच्छानुदान के राशि का उपयोग बुक इश्यू कराने के साथ ही विभिन्न प्रकार के जॉब्स के लिए फॉर्म भरने में कर रहा हूं। जिससे मुझे काफी मदद मिल रही है। जगतपुर कुम्हारपारा रायगढ़ निवासी श्री राज निमरम बरवा ने कहा कि वे स्नातक तक की पढ़ाई कर चुके हैं। साथ ही सीए की पढ़ाई कर रहे हैं। जहां आने-जाने में काफी खर्च हो जाता है, स्वेच्छानुदान की राशि मिलने से आने-जाने के खर्च के साथ पढ़ाई के लिए काफी मदद मिल रहा है। मिड़मिड़ा निवासी सुश्री रानी गुप्ता ने कहा कि वे बीए फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रही है। स्वेच्छानुदान राशि मिलने से पढ़ाई में काफी मदद मिल रही है। साथ ही प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी में सहायता मिलेगी। रायगढ़ निवासी युवराज लकड़ा ने बताया कि उन्हें उच्च शिक्षा के लिए तीन हजार रुपए की राशि मिली है। इसका उपयोग उन्होंने अपनी परीक्षा के लिए जरूरी दो किताब खरीदने में किया है। उन्होंने बताया कि शेष राशि का उपयोग वे अगले सेमेस्टर की फीस के रूप में करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके पिता सब्जी की दुकान लगाकर घर का गुजारा चलाते हैं। सभी ने वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी को स्वेच्छानुदान की राशि प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## जिले को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में सबका सहयोग जरूरी:कलेक्टर

**रायगढ़, 14 मार्च।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मुक्त पंचायत/निक्षय मित्र का सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले 82 ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिवों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## आयुर्वेद पूरे विश्व को हमारी देन, इससे तन और मन दोनों रहते हैं स्वस्थ:बृजमोहन



**रायगढ़, 14 मार्च।** शिक्षा पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल आज रायगढ़ मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ऑफ आयुर्वेदा एवं रुद्राक्ष वेलनेस रिसोर्ट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस संस्थान के माध्यम से रायगढ़ में अब आयुर्वेद और पंचकर्म पद्धति की चिकित्सा सुविधाएं लोगों को मिलेगी। ऐसा वेलनेस सेंटर बड़े शहरों में देखने को मिलता है अब यह रायगढ़ में खुला है तो इसका लाभ यहां के साथ आस-पास के लोगों को मिलेगा। शिक्षा मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति हमारे देश द्वारा पूरे विश्व को दी गई एक अनुपम सौगात है। इसे पूरी दुनिया अपना रही है। हमारे देश के आयुर्वेदिक चिकित्सा सेंटर्स में दूसरे देशों से लोग आ रहे हैं। उन्होने कहा कि आयुर्वेद में प्राकृतिक औषधियों का उपयोग रोगों के उपचार में किया जाता है। समय के साथ धीरे-धीरे लोग त्वरित राहत के लिए इलाज के दूसरे तरीकों की ओर जानने लगे और आयुर्वेद उतना प्रचलन में नही रहा। किंतु आज समय बदल रहा है, लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति पहले से ज्यादा सजग हो रहे हैं। प्रसन्नता की बात है कि युवा वर्ग भी अब अपने खान-पान और व्यायाम की आदतों में प्राकृतिक पद्धतियों का समावेश कर रहे हैं। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि यदि हम प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति, खान-पान और जीवन शैली को अपनाएंगे तो निश्चित रूप से हमारा स्वास्थ्य लंबे समय तक अच्छा बना रहेगा। प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति व्यक्ति को शारीरिक ही नही मानसिक रूप से भी स्वस्थ बनाती है। आयुर्वेद से रोगों का जड़ से निदान होता है। उन्होंने कहा कि इस संस्थान से रायगढ़ सहित आस-पास के लोगों को आयुर्वेद और पंचकर्म से इलाज की सुविधा मिलेगी।

# विष्णु देव साय सरकार के पूरे हुए तीन माह

## मुख्यमंत्री को विधानसभा अध्यक्ष और मंत्रिगणों के साथ ही आम लोगों ने मिलकर दी बधाई और शुभकामनाएं

**रायपुर, 14 मार्च ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार को आज तीन महीने पूरे हो चुके हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के साथ ही मंत्रिगणों और आम नागरिकों ने मुख्यमंत्री श्री साय को बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री श्री साय भी लोगों से आत्मीयता से मिले, उनका अभिवादन स्वीकारा और आगे भी प्रदेश के विकास के लिए शासन-प्रशासन के सहयोग का आग्रह किया। इस मौके पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय भी मौजूद रहीं।

राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में आज शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल, उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, वित्त मंत्री श्री ओ. पी. चौधरी, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा, विधायक सर्वश्री पुन्नूलाल मोहिले, संपत अग्रवाल, अनूज शर्मा, श्रीमती भावना बोहरा, श्री अमर अग्रवाल, श्री राजेश मूणत सहित अनेक जनप्रतिनिधि और प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आए लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को जनहितैषी फैसलों और मोदी की अधिकांश गारंटियों को पूरा करने के लिए आभार जताया। प्रदेश के विभिन्न इलाकों से आये लोगों ने तीन माह के कार्यकाल में प्रदेशवासियों के हित के लिए समर्पित होकर कार्य करने के लिए मुख्यमंत्री को बधाई और शुभकामनाएं दी।



गौरतलब है कि तीन महीने की अल्पवधि में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राज्य की जनता को दी गई अधिकांश गारंटियां पूरी हो चुकी हैं तथा अन्य गारंटियों को पूरा करने राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ बढ़ रही है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश के 18 लाख गरीब परिवारों को आवास स्वीकृत किए गए हैं। महतारी वंदन योजना के माध्यम से माताओं एवं बहनों को प्रति माह एक हजार रूपए की सहायता की पहली किश्त के रूप में 655 करोड़ रूपए की राशि जारी की गई है। खेती-किसानी को मजबूत बनाने के लिए कृषक उन्नति योजना में 24 लाख 72 हजार किसानों को 13 हजार 320 करोड़ रूपए की आदान सहायता के साथ ही किसानों को दो साल के बकाया धान बोनस के रूप में 3716 करोड़ रूपए की राशि जारी की गई है।

वहीं इस वर्ष छत्तीसगढ़ में रिकॉर्ड धान खरीदी की गई है। किसानों से समर्थन मूल्य पर 145 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी के एवज में 24.72 लाख किसानों को 31 हजार 914 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी के साथ ही किसानों को धान की 3100 रूपए प्रति क्विंटल कीमत मिल रही है, जो देश में सर्वाधिक है। तेन्दूपत्ता संग्राहकों का पारिश्रमिक प्रति मानक बोरा 4000 से बढ़ाकर 5500 रूपए करने सहित अनेकों महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट भी छत्तीसगढ़ के विकास का बजट है, समृद्धि और खुशहाली का बजट है। प्रदेश सरकार के इन फैसलों से छत्तीसगढ़ तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ेगा।

## एक नजर

### गिरौदपुरी मेला में वाहनों के लिए की गई पार्किंग व्यवस्था

**बलौदाबाजार 14 मार्च।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा गिरौदपुरी में दिनांक 14.03.2024 से 16.03.2024 तक ऐतिहासिक गुरुदर्शन मेला का आयोजन किया गया है। इस दौरान मेला में आने वाले लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न ना हो, इसके लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री सदानंद कुमार के निर्देशन में श्री अमृत कुजुर उप पुलिस अधीक्षक यातायात के मार्गदर्शन में संपूर्ण मेला परिसर में पार्किंग स्थल निर्धारित किया गया है। इन पार्किंग स्थलों में श्रद्धालु गिरौदपुरी पहुंचने वाले सड़क मार्ग एवं सुविधा की दृष्टि से अपने वाहन, निर्धारित पार्किंग स्थलों में पार्क कर सकते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा, समुचित मार्ग एवं यातायात व्यवस्था के लिए पार्किंग व्यवस्था निर्धारित की गई है।

### जिले से 27 अग्निवीर युवाओं का चयन



**बलौदाबाजार,14 मार्च।** भारतीय थल सेना (अग्निवीर) में छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित करने वाले 870 युवाओ का चयन किया गया है। इनमें बलौदाबाजार भाटापारा जिले से 27 अग्निवीर युवा शामिल हैं। सभी चयनित अग्निवीर युवाओ का सम्मान समारोह 14 मार्च गुरूवार को सुबह 9 बजे राजधानी रायपुर के शहीद स्मारक भवन में आयोजित किया गया है। इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री एवं गृह,जेल,पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा,रोजगार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री विजय शर्मा होंगे। कलेक्टर के एल चौहान ने बधाई एवं शुभकामनाओ के साथ युवाओं के वाहन को आज हरी झण्डी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से रायपुर के लिए रवाना किया। उक्त सम्मान समारोह में शामिल होने वाले चयनित युवाओं के लिए जिला प्रशासन की ओर से समुचित व्यवस्था की गई है। उक्त मौके पर डिप्टी कलेक्टर आर आर दुबे,जिला रोजगार अधिकारी सुश्री मनोरमा भगत उपस्थित रहे।

### अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई के लिए कलेक्टर से मिल कर मांग की



**भाटापारा 14 मार्च।** ग्रामीण अंचल भरतपुर के पास बन रहे स्पंज आयरन फैक्ट्री की मनमानी और मोपका व आस पास के अनेको गांव में विगत वर्ष माह से चल रहे अवैध मुरुम खनन कर शासन को करोड़ो के राजस्व की छती पहुंचने वाले एवं बलौदा मुड़ीपार से बड़ी बढ़ी गाड़िया ट्रेलर व हाइवा से गिट्टी की ओवर लोडिंग सप्लाई रायल्टी बचाने के चककर में गांव के बीचो बिच बोरसी व अन्य गांव होते प्लांट तक पहुंचाई जा रही है जिसकी वज़ह से ग्रामीण जनो के जान का खतरा बना रहता है साथ ही प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत बने सड़को का भारी अवगमन के वजह से सडके मिट्टी व डस्ट में तब्दील हो चुकी है जिस पर कार्यवाही करते हुवे स्पंज आयरन फैक्ट्री से आस पास के ग्राम वासियो को होने वाले इस समस्या के समाधान हेतु ना ही हॉस्पिटल मेडिकल एम्बुलेंस जैसी सुविधाएं मुहय्या कराई गई है और ना ही नियमों के साथ कार्य किया जा रहा है जिसे ध्यान में रखते हुवे सुविधा मुहय्या कराने के साथ ही तत्काल अवैध खनन पर रोक लगाते नियम विरुद्ध कार्य करने वालों पर कार्यवाही की मांग की गई है कार्यवाही न होने पर ग्राम वासियो के सहयोग से जन आंदोलन की बात कही है जिसमे मा.कलेक्ट्रेर महोदय ने कार्यवाही हेतु आस्वासन दिया है वहीं राजा तिवारी ने कहा की सालो से चल रहे अवैध खनन पर माइनिंग विभाग की कार्यवाही न होना मिलीभग को दर्शाता है नये जिला कलेक्टर के आने से उम्मीद है की जिले में प्रसासनिक सर्जरी कर अधिकारियो को व सिस्टम में सुधार लाने का प्रयास किया जायेगा।

# उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम:10 हजार से अधिक लोगों को साक्षर करने का लक्ष्य

**बलौदाबाजार,14 मार्च।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के. एल. चैहान के मार्गदर्शन में आज उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत् विकासखण्ड स्तरीय मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण सह कार्यशाला जिला मुख्यालय स्थित बीआरआरसी कार्यालय के प्रशिक्षण हाल में किया गया। कार्यशाला में असाक्षरों एवं स्वयंसेवी शिक्षकों के चिन्हांकन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पढ़ना लिखना अभियान के अंतर्गत 30 मार्च 2022 में आयोजित की गई थी. जिसमें राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान के चिन्हांकित असाक्षरों को पुनः 17 मार्च 2024 को आयोजित होने वाली महापरीक्षा अभियान में शामिल करना है क्योंकि पूर्व में आयोजित परीक्षा में शिक्षार्थियों का प्रमाणीकरण (सर्टिफिकेशन) नहीं हो पाया था। इस महापरीक्षा का नाम राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा होगा। =विकाखण्ड शिक्षा अधिकारी बिलाईगढ़ सत्यनारायण साहू ने बताया कि उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 17 मार्च 2024 रविवार को प्रातः 10 बजे से 5:30 तक परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। शिक्षार्थी सुविधानुसार उक्त समय के भीतर परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगा। शिक्षार्थी को प्रश्न पत्र हल करने के लिए 3 घंटे का समय दिया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण बलौदाबाजार-भाटापारा बी.एल. देवांगन ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा केन्द्र में षिक्षार्थियों के लिए पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैठने के लिए समुचित व्यवस्था हो। 17 मार्च 2024 के कम से कम तीन दिवस पूर्व ग्राम/वार्ड प्रभारी, स्वयंसेवी शिक्षक की सहायता से प्रत्येक पंजीकृत शिक्षार्थी के घर-घर संपर्क कर शिक्षार्थी पर्ची का वितरण करें। परीक्षा में ऐसे शिक्षार्थी जिनका पूर्व में पढ़ना लिखना अभियान अंतर्गत प्रमाणीकरण नहीं हुआ है जो साक्षरता केन्द्र में पढ़ाई किए हो को शामिल करें। पंजीयन के आधार पर ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय के वार्डवार आंकलन में सम्मिलित होने वाले शिक्षार्थियों की सूची तैयार की जायेगी। इसके बाद सम्बंधित ग्राम पंचायत अथवा नगरीय निकाय के वार्ड के नजदीक वाले शासकीय स्कूल को परीक्षा केन्द्र बनाये। जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण सोमेश्वर राव ने बताया की जिला को शत् प्रतिशत साक्षर बनाने हेतु कलेक्टर के. एल. चैहान के कुशल मार्गदर्शन में केन्द्र प्रवर्तित उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का क्रियान्वयन वित्तीय वर्ष 2023-24 से किया जाना है। कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु सर्वप्रथम जिला के शैक्षणिक रूप से पिछड़े ग्राम पंचायतों व वार्डों का चिन्हांकन किया जायेगा एवं पूरे टीम भावना के साथ कार्य कर शत् प्रतिशत साक्षर बनाया जायेगा। चिन्हित ग्राम पंचायतों एवं वार्डों में 5-10 असाक्षरों के मान से स्वयंसेवी भावना से पठन-पाठन कराने हेतु स्वयंसेवी शिक्षकों जिसमें एन.एस.एस,एन.सी.सी., स्काउट गाइड, मितानीन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक या अन्य उत्साही का चिन्हांकन किया जायेगा।



## अवैध शराब के विरुद्ध हुई कार्रवाई, 34 बल्क लीटर से अधिक शराब की जब्त

**बलौदाबाजार,14 मार्च।** कलेक्टर के एल लाल चौहान के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी एल.के.गायकवाड़ के मार्गदर्शन में आज गस्त के दौरान कुल 34ब्लक लीटर शराब जब्त की गई है। जिसमे सर्किल बलौदाबाजार क्षेत्र के ग्राम सरखोर में आबकारी विभाग की टीम द्वारा की गई कार्रवाई में 150 पाव गोल्डन गोवा विदेशी मदिरा कुल 27 बल्क लीटर मदिरा जप्त की गई। इसी प्रकार वृत-कसडोल क्षेत्र के कटगी मुख्य मार्ग से सर्वा सरवानी रोड मार्ग में आबकारी विभाग की टीम द्वारा की गई कार्यवाही में एक प्लास्टिक थैले में लगभग 40 पाव देशी मदिरा प्लेन प्रत्येक में 180 एम.एल. क्षमता वाली शीशी में कुल लगभग 7.200 बल्क लीटर मदिरा जप्त की गई।

# लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए मास्टर ट्रेनरों को दिया प्रशिक्षणा

**बलौदाबाजार,14 मार्च।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान दलों को तहसील स्तर पर प्रशिक्षण देने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी0के एल चौहान द्वारा कुल 106 मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति की गई है। जिन्हें जिला पंचायत के सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे, जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे उपस्थित रहे। प्रशिक्षण की शुरुआत में कलेक्टर श्री चौहान ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान किसी तरह की समस्याएं हो,उसे प्रशिक्षण के दौरान दूर कर लें।उन्होंने कहा कि निर्वाचन के तकनीक और सिस्टम में समय के साथ बदलाव होते रहे हैं। इससे प्रशिक्षण की आवश्यकता और महत्व बढ़े हैं। प्रशिक्षक एवं मतदान कर्मियों को अपडेट रहना और करना आवश्यक समझा गया। प्रशिक्षण इसलिए दिया जा रहा है। जिला मास्टर ट्रेनर ने पावर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण देते हुए मतदान दलों के कार्यों एवं उत्तरदायित्वों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने माकपोल की प्रक्रिया, वास्तविक मतदान के लिए मशीन की सीलिंग, मतदान प्रक्रिया के अलावा विभिन्न प्रपत्रों को तैयार करने के बारे में भी बताया।

## खेती -किसानी और बढ़ई का काम करने वाला 1 वर्ष में बन गया 1500 करोड़ रुपयों का मालिक

**कसडोल 14 मार्च।** छत्तीसगढ़ का एक साधारण युवक जिसका पिता खेती-किसानी और बढाई का काम करता हैं उसका पुत्र चंद महीनों में ही अरबपति बन गया ! उसके पास बेशुमार दौलत आ गई ! यही कारण है कि सारंगढ़ -बिलाईगढ़ जिला का रायकोना गांव और इस गांव में रहने वाला शिवा साहू इन दिनों सुर्खियों में बना हुआ है ! आपको यह जानकर हैरानी होगी की महज एक साल में ही शिवा साहू पन्द्रह सौ करोड़ रूपये की प्रापर्टी का मालिक बन गया ! आलम यह है कि उसके पास 100 से ज्यादा महंगी गाड़ियां है ! इस बेड़े में मर्सिडीज़ , बीएमडब्ल्यू ,थार जैसी कारें हैं ! महज 23 साल का शिवा साहू अचानक अरबपति कैसे बन गया , यह सवाल लोगों के मन में कौंध रहा है ! उसकी चामत्कारिक कामयाबी लोगों को हैरान कर रही है ! हालांकि शिवा साहू के खिलाफ कुछ लोगों ने धोखाधड़ी का केस भी दर्ज कराया है जिसकी पुलिस जांच कर रही है ! जब इस दैनिक समाचार पत्र का संवाददाता शिवा साहू के बारे में जानकारी जुटाने ग्राम रायकोना पहुंचा तो गांव वाले शिवा साहू के बारे में पूछने पर नाराज दिखे और इस बारे में कुछ भी बताने से इनकार कर दिया और कहा कि उन्हें उनके रूपयों का ब्याज समय पर मिल जा रहा है !

# पुलिस ने चोरी के मोबाइल फोन ढूंढ कर मालिकों को लौटाए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 14 मार्च।** गुम मोबाईल फोन की घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री सदानंद कुमार द्वारा गंभीरता से लेते हुए समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित विशेष टीम को गुम मोबाईल फोन ढूंढ कर बरामद करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में टीम द्वारा प्रस्तुत गुम मोबाईल फोन के आवेदनों पर गुम हुए मोबाईल फोन को ढूंढने का विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस टीम द्वारा गुम हुए कुल 304 नग मोबाईल फोन को प्रदेश सहित अन्य राज्यों के अलग-अलग स्थानों से ढूंढ कर बरामद किया गया। कुल 304 नग मोबाईल फोन कीमती 50 लाख रूपये बरामद कर आज दिनांक 13.03.2024 को मोबाईल फोन को उनके स्वामियों को वितरित किया गया। गुम/चोरी हुए मोबाईल फोन को बरामद करने के दौरान की टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण कर वर्तमान में चला रहे मोबाईल धारक से गुम होने या चोरी की मोबाईल उसके द्वारा चलाये जाने की जानकारी देकर उसे पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जमा करने कहने मोबाईल धारक द्वारा मोबाईल फोन को बंद भी कर दिया जाता था। जिस पर टीम के अन्य राज्यों की पुलिस से समन्वय स्थापित कर मोबाईल धारक को तस्दीक कराकर उनसे मोबाईल फोन बरामद कर थाने में जमा कराया जाता था। उसके पश्चात् अन्य राज्यों एवं विभिन्न जिलों से मोबाईल फोन को कुरियर के माध्यम से मंगाया गया है। इस दौरान कुछ मोबाईल धारको को चोरी या गुम मोबाईल चलाये के बारे में बताये जाने पर स्वयं से भी कुरियर कराया गया है। चोरी के मोबाईल जिन मामलों में बरामद हुए है उन पर वैधानिक कार्यवाही की जा रहीं है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा गुम मोबाइल को उनके वास्तविक धारकों को वितरित किया गया है, जिससे गुम मोबाईल फोन प्राप्त होने पर मोबाईल फोन स्वामियों द्वारा बलौदाबाजार पुलिस की भूरी - भूरी प्रशंसा कर धन्यवाद दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री सदानंद कुमार द्वारा मोबाइल वितरण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित हितग्राहियों को संबोधित करते हुए मोबाइल फोन सुरक्षित रखने, पासवर्ड प्रोटेक्ट रखने, अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, सीमित एप डाउनलोड करने, अधीकृत मोबाइल एप उपयोग करने, फेसबुक, एवं अन्य सोशल मीडिया एप तथा विभिन्न पेमेंट गेटवे में पासवर्ड प्रोटेक्ट रखने, तथा निजी डाटा/ फोटो को सुरक्षित रखने की जानकारी प्रदान की गई है।



बलौदाबाजार पुलिस द्वारा मोबाईल अपील की जाती है कि फोन गुम/चोरी होने की स्थिति में तत्काल पोर्टल में गुम होने के संबंध में जानकारी भेजने एवं अपने नजदीकी थाना/चौकी/ सायबर सेल से संपर्क करें, जिससे मोबाईल फोन का किसी भी अपराध में उपयोग ना हो सके।


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202403092200030**

विषय - ब-121 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2023-2024
अण्डी प.ह.न. 00028 [ ( हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- हुकुम चंद साहू,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हुकुम चंद साहू आ. बुधुराम साहू जाति तेली सा. अंडी तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के माता कौशिल्या बाई पति बुथुराम साहू का मृत्यु दिनांक 17.06.2020 को स्थान ग्राम अंडी में हुआ है के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 28.03.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/03/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202403092200029**

विषय - ब-121 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2023-2024
अण्डी प.ह.न. 00028 [ ( हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- हुकुम चंद साहू,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हुकुम चंद साहू आ. बुधुराम साहू जाति तेली सा अंडी तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पिता बुधुराम साहू आ. सदाराम का मृत्यु दिनांक 01.02.2000 को स्थान ग्राम अंडी में हुआ है के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 28.03.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/03/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रायपुर, छत्तीसगढ़**

**मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा क्र. 230/नि.शा./का.अ./लो.स्वा.यां./खण्ड, रायपुर, दिनांक 11.03.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| स.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि |
|---|---|---|
| 1 | राज्य स्तरीय प्रयोगशाला एवं अनुसंधान केन्द्र (NABL Accredited) रायपुर हेतु Glasswares का प्रदाय। | 8.02 |
| 2 | राज्य स्तरीय प्रयोगशाला एवं अनुसंधान केन्द्र (NABL Accredited) रायपुर हेतु Chemical/Standards का प्रदाय। | 19.80 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 28.03.2024 सायं 5.30 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,
रायपुर, छत्तीसगढ़

जी- 08514/4

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202403092200028**

विषय - ब-121 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2023-2024
अण्डी प.ह.न. 00028 [ ( हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- हुकुम चंद साहू,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हुकुम चंद साहू आ.बुधुराम साहू जाति तेली सा. अंडी तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के दादी स्व. अमृत बाई पति सदाराम का मृत्यु दिनांक 04.07.2014 को स्थान ग्राम अंडी में हुआ है के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 28.03.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/03/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202403092200014**

विषय - ब-121 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2023-2024
करवारी प.ह.न. 00022 [ ( हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- तिरथराम यादव,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तिरथराम यादव पिता समल आयु 48 वर्ष जाति यादव सा. भैसरा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम करवारी प.ह.न. 22 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 166 में ख.न. 208/1 रकबा 0.486हे. कुल ख.न. 01 कुल रकबा 0.486हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में तिरथ आ. समल जाति यादव सा. करवारी के नाम पर दर्ज व स्थित है। उक्त कृषि भूमि का मूल ऋष्टा पुस्तिका कही गुम हो गई है, जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि / आवेदित भूमि का डुप्लीकेट ऋष्टा पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 28.03.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/03/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार तहसील- डोंगरगढ़

**न्यायालय नायब तहसीलदार निपनिया जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202403211900022
अ-6 वर्ष 2023-24
ग्राम - खपरी आर प.ह.नं. 47

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दशरथ कुमार पिता आनंद राम ध्रुव जाति गोंड़ निवासी ग्राम लच्छनपुर तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा ग्राम खपरी आर प.ह.नं. 47 रा.नि.मं. करहीबाजार तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा स्थित भूमि खसरा नंबर 369/2, 433/2, 450/2, 535/2 रकवा क्रमशः 0.0540, 0.0270, 0.0520, 0.2690 हे. कुल खसरा नंबर 04 योग रकबा 0.4020 हे. जो अपने जीवनकाल में भूमिस्वामी हेंमकुवर बाई के द्वारा आवेदक दशरथ कुमार पिता आनंद राम ध्रुव के पक्ष में वसीयतनामा की है, उक्त वसीयतनामा के आधार पर राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम से नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु हेतु आवेदन पत्र मय वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ दस्तावेज पेश किया है।

अतः उपरोक्त सबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति नियत पेशी दिनांक 08/04/24 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 13/03/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया।

मुहर — नायब तहसीलदार निपनिया

**न्यायालय नायब तहसीलदार निपनिया जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र . 202403211900023
अ-6 वर्ष 2023-24
ग्राम - खपरी आर प.ह.नं. 47

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दशरथ कुमार पिता आनंद राम ध्रुव जाति गोंड निवासी ग्राम लच्छनपुर तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार - भाटापारा छ.ग. के द्वारा ग्राम खपरी आर प.ह.नं. 47 रा.नि.मं. करहीबाजार तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा स्थित भूमि खसरा नंबर 12/3, 44/2, 485/2, 522, 558/2 रकबा कमशः 1,0080, 0.1820, 0.1580, 0.1740, 0.3480 हे. कुल खसरा नंबर 05 योग रकबा 1.8700 हे. जो अपने जीवनकाल में आवेदक दशरथ कुमार पिता आनंद राम ध्रुव के पक्ष में वसीयतनामा की है, उक्त वसीयतनामा के आधार पर राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम से नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु हेतु आवेदन पत्र मय वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ दस्तावेज पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 08/04/24 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति नियत पेशी दिनांक 08/04/24 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 13/03/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया।

मुहर — नायब तहसीलदार निपनिया

**न्यायालय नायब तहसीलदार निपनिया जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र . 202402211100110
अ-6 वर्ष 2023-24
ग्राम - कोदवा आर प.ह.नं. 45

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तीजराम पिता श्यामलाल निवासी ग्राम कोदवा तहसील भाटापारा के द्वारा ग्राम कोदवा प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. निपनिया तहसील भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में स्थित भूमि कुल खसरा नंबर 06 कुल रकबा 1.5380 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में तीजराम पिता श्यामलाल वगैरह के नाम फौती नामांतरण से दर्ज चला आ रहा है। खसरा नंबर 2634/1 रकवा 0.530 हे. के स्थान पर त्रुटिवश रकबा 0. 8900 हे. दर्ज हो गया है। अतः उक्त भूमि का त्रुटि सुधार कर अभिलेख दुरुस्त किए जाने हेतु मय दस्तावेजों सहित अनुविभागीय अधिकारी महोदय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में जांच हेतु प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। तथा दिनांक 27/3/24 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति नियत पेशी दिनांक 27/3/24 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 13/3/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया।

मुहर — नायब तहसीलदार निपनिया

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग.**

**-::ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना::-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत सक्षम ठेकेदारों से निम्नांकित कार्य हेतु प्रपत्र ''ए'' में निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नाम :- कांकेर जिले के निम्नांकित ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत सिंगल विलेज एवं सोलर से जल प्रदाय योजना निर्माण कार्य।

| क्र. | निविदा क्रमांक /सिस्टम टेण्डर क्रमांक | योजना का नाम | विकासखण्ड | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 899/153968 | बड़ेतोपाल, इमलीपदर, देहारीतोपाल एवं लामपुरी | अन्तागढ़ | 33.18 |
| 2 | 900/153972 | जैतानवागांव, सुरेली एवं एटेबालका | अन्तागढ़ | 29.96 |

निविदा की समान्य शर्ते एवं विस्तृत विवरण तथा अन्य जानकारी वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in परदर्शित है। उपरोक्त सम्पूर्ण निविदाओं की निविदा तिथि 11.03.2024 है तथा उक्त निविदाओं को दिनांक 12.03.2024 से 27.03.2024 तक भरी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर

जी- 08490/5

## एक नजर

### तक्षशिला लाइब्रेरी का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**रायपुर 14 मार्च।** गत रविवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों लोकार्पित तक्षशिला स्मार्ट लाइब्रेरी का कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने देर रात औचक निरीक्षण किया। अध्ययन में जुटे युवाओं से उन्होंने विस्तार से बात की और सुविधाओं के संबंध में उनकी राय माँगी। युवाओं ने सुविधाओं को उपयुक्त बताया। देर रात निरीक्षण पर निकले कलेक्टर डॉ. सिंह ने वाई फ़ाई जोन में कंप्यूटर संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये हैं ।

### घर के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर, 14 मार्च।** शिवानंद नगर खमतराई में घर के बाहर खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सर्वजीत सिंह 35 वर्ष शिवानंद नगर खमतराई का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 07 एलएक्स 7758 को अपनी घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### ओला इलेक्ट्रिक ने दी नई सौगात

**रायपुर 14 मार्च।** इलेक्ट्रिक स्कूटर को पसंद करने वालों के लिए एक खुशखबरी, ओला इलेक्ट्रिक ने मार्च महीने के लिए अपने एस 1 स्कूटर पोर्टफोलियो की कीमतों में 25,000 रुपये तक छूट की घोषणा करी है। उनके इस बड़े कदम को उठाने का उद्देश्य भारत के विद्युतीकरण प्रयासों में तेजी लाकर ईवी अपनाने में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करना है।अब ओला एस1 चाहने वालों के लिए उनकी इच्छा पूरी करने का समय आ गया है, क्योंकि एफएएमई (फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स) योजना 31 मार्च 2024 को समाप्त होने की संभावना है और ईवी की कीमतों में बड़ा बदलाव हो सकता है।

### सूने मकान से जेवर व लेपटाप पार

**रायपुर 14 मार्च।** लालपुर स्थित ईना आकृति कालोनी के सूने मकान से अज्ञात चोर ने सोने के जेवर और लेपटाप पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया रूचि खलको 23 वर्ष एच 7 ईना आकृति कालोनी लालपुर की रहने वाली है। बताया जाता है कि 7 मार्च से 11 मार्च के मध्य अज्ञात चोर ने प्रार्थिया के सूने मकान के खिड़की को तोड़कर आलमारी में रखे सोने के जेवर और लेपटाप को पार कर दिया। चोरी गए सामान की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर 14 मार्च।** ग्राम मूरा के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में खरोरा पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक लभराम साहू 35 वर्ष ग्राम मूरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक से रायपुर जा रहा था, तभी ग्राम मूरा के मेन रोड में ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04 डीटी 7207 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे लभराम की मौत हो गई। मामले में खरोरा पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते 14 पकड़ाए

**रायपुर 14 मार्च।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मौदहपारा पुलिस ने पटवा कॉम्पलेक्स के पास सरेआम शराब पीते आरोपी जय साहू 42 वर्ष, आमानाका पुलिस ने आरोपी कार्तिक साहू 42 वर्ष व मिंटू साव 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मोवा पुलिस ने आरोपी पुलकित वर्मा 25 वर्ष, खरोरा पुलिस ने आरोपी चेतन निषाद 35 वर्ष, अभनपुर पुलिस ने आरोपी धनउराम जांगडे 55 वर्ष, दुकालु भारती 59 वर्ष एवं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी दिलीप कुमार सोनवानी 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आरंग पुलिस ने आरोपी अनिल चतुर्वेदी 34 वर्ष, मुकेश कोसले 38 वर्ष, टिकेश्वर वर्मा 38 वर्ष, पन्ना लाल सेन 42 वर्ष, जितेन्द्र साहू 34 वर्ष व गजेन्द्र चन्द्राकर 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### गांजा के साथ दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर 14 मार्च।** कांकेर रोडवेज के सामने मठपुरैना में गांजा के साथ टिकरापारा पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 21 किलो 400 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कांकेर रोडवेज कार्यालय के सामने मठपुरैना में दो युवक संदिग्ध लग रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ किया तो अपना नाम रिषभ शर्मा 28 वर्ष और आदित्य सिंह 19 वर्ष बताया। उनकी बैग को तलाशी लेने पर 21 किलो 400 ग्राम गांजा मिला।

# 8 नगरीय निकायों के लिए 4.84 करोड़ रुपए स्वीकृत

### प्रस्तावित कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश

**रायपुर, 14 मार्च।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के आठ नगरीय निकायों के लिए 14वें एवं 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत कुल चार करोड़ 83 लाख 81 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। इनमें 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत सात नगरीय निकायों के लिए कुल चार करोड़ 79 लाख 68 हजार रुपए और 14वें वित्त आयोग के तहत सारंगढ़ नगर पालिका के लिए चार लाख 13 हजार रुपए की राशि शामिल हैं। नगरीय निकायों में विकास कार्यों में तेजी लाने उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने ये राशि मंजूर की है। उन्होंने गुणवत्ता एवं समय-सीमा का ध्यान रखते हुए इन राशियों से प्रस्तावित कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत नारायणपुर नगर पालिका के लिए एक करोड़ 17 लाख चार हजार रुपए, सरगांव नगर पंचायत के लिए 15 लाख रुपए, किरोड़ीमलनगर नगर पंचायत के लिए 18 लाख रुपए, खोंगापानी नगर पंचायत के लिए 93 लाख 35 हजार रुपए, छुरा नगर पंचायत के लिए 18 लाख 98 हजार रुपए, सिमगा नगर पंचायत के लिए 53 लाख 97 हजार रुपए और सक्ती नगर पालिका के लिए एक करोड़ 63 लाख 34 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। वहीं 14वें वित्त आयोग के तहत सारंगढ़ नगर पालिका के लिए चार लाख 13 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं।

# कांग्रेस ने तैयार किया चुनावी रोडमैप



**रायपुर 14 मार्च।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर राजीव भवन में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय के साथ इस बैठक में वरिष्ठ काँग्रेस नेताओं ने आने वाले दिनों में कैसे लोकसभा चुनाव को लड़ना है इसका रोडमैप तैयार किया गया, साथ ही जनता तक सीधे पहुँच कर काँग्रेस पार्टी की जन हितैषी योजनाओं को जन जन तक कैसे पहुँचाना है इसकी भी विस्तृत योजनाएं बनाई गई इस बैठक में उपस्थित मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू जी, सत्यनारायण शर्मा जी, शिव ढहरिया जी, शैलेश नितिन त्रिवेदी जी, सुशील आनंद शुक्ला जी, महेंद्र छाबड़ा जी, सुभाष धुप्पड़ जी, राजेन्द्र तिवारी जी, इंद्र कुमार साव जी, छाया वर्मा जी, डोमेश्वरी वर्मा जी, अनिता शर्मा जी, सुरेश ठाकुर जी, कन्हैय्या अग्रवाल जी, पंकज शर्मा जी, प्रमोद दुबे जी, गिरीश दुबे जी, उधोराम वर्मा जी, हितेंद्र ठाकुर जी, गंभीर ठाकुर जी, आकाश शर्मा जी मौजूद थे।

### सेंदमुड़ा खदान से हीरा दोहन के लिए टेंडर जारी करने आग्रह



**रायपुर 14 मार्च।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा एवं कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप सिंह चावला ने एक बयान में कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता में इस बात को लेकर बहुत खुशी है कि आपने विभिन्न खनिजों के लिए टेंडर जारी करने का निर्णय किया है । आपको विदित हो हो कि मैनपुर के पास सेंदमुड़ा में हीरा खदान की खोज की जा चुकी है। पूर्ववर्ती सरकारो ने इसके लिए टेंडर जारी नहीं किया आपकी कार्यशैली से हमें पूरा विश्वास है कि आप इस खदान के लिए हीरा निकालने हेतु टेंडर अवश्य जारी करेगें । इस हीरा खदान से इतनी आय होगी जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती। इस खदान की आय से आपको न तो केन्द्र सरकार से मदद की आवश्यकता होगी न ही बैंको से योजनाओं के लिए ॠण लेने की आवश्यकता होगी । अतः हमें पूरा विश्वास है कि आप इस खदान से हीरा दोहन हेतु अवश्य कार्यवाही करेगें ।

# छग के लोग किडनी में स्टोन की बीमारी से ज्यादा ग्रसित



**रायपुर, 14 मार्च।** यदि प्रयोग सफल रहा तो किडनी रोगियों के लिए निकट भविष्य में यह खुशखबरी आ सकती है जानवरों की किडनी इंसानों में ट्रांसप्लांट कर सकते हैं। आज विश्व किडनी दिवस पर ड़ॉ. संजीव अनंत काले ने दी। रामकृष्णा केयर अस्पताल के ही डॉ. अजय पाराशर ने बताया कि किडनी में कैंसर है तो उसे निकाला जा सकता है। इससे किडनी को कोई नुकसान नहीं होगा। डॉ. हर्ष जैन ने नमक फास्ट व जंक फूड कम खाने व पानी ज्यादा पीने की सलाह दी। इससे किडनी में स्टोन होने की आशंका कम हो जाएगी। छत्तीसगढ़ में किडनी में स्टोन की समस्या ज्यादा है।

किडनी मनुष्य के शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। प्रति वर्ष अनेकों लोग किडनी रोग के चलते अपनी जान गवां देते हैं, किडनी फेलियर के चलते किडनी प्रत्यारोपण की जरूरत दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। इस महत्वपूर्ण अंग के संदर्भ में हर वर्ष मार्च माह के दूसरे गुरूवार को विश्व किडनी दिवस मनाया जाता है, और कोशिश की जाती है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को किडनी रोग के संदर्भ में जागरूक किया जा सके।

रामकृष्ण केयर अस्पताल के डॉक्टर्स डॉ. अजय पाराशर, डॉ. संजीव अनंत काले, डॉ. प्रवाश कुमार चौधरी, डॉ. हर्ष जैन एवं डॉ. मलय रंजन सारंगी ने प्रेस वार्ता में बताया कि किडनी रोग के कुछ लक्षण होते हैं, जैसे शरीर में अधिक मात्रा में केटनिन और यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ जाती है। बार- बार पेशाब करने की इच्छा होती है और बाथरूम के चक्कर लगाने पढ़ते हैं साथ ही यूरिन में रक्त नजर आता है, आँखों के आस-पास सूजन होना भी किडनी रोग का लक्षण हो सकता है। कुछ खाने की इच्छा नहीं होती, भूख लगभग मर जाती है, साथ ही मसल्स में दर्द भी होता है।

डॉक्टरों ने बताया कि रामकृष्ण केयर अस्पताल में कैडेवर किडनी प्रत्यारोपण हुआ, यहां इक्यूब डायलिसिस सेंटर है जिसमें हर महीने 2500 से 3000 किडनी डायलिसिस किया जाता है। किडनी रोग से संबंधित नेफो किटिकल केयर आई.सी.यू. भी रामकृष्ण केयर में उपलब्ध है। पथरी का संपूर्ण ईलाज की सुविधा के साथ यूरो रोबोटिक सर्जरी व ऑन्कों रिनल साइंस भी उपलब्ध है।

अब तक 250 से अधिक किडनी प्रत्यारोपण रामकृष्ण केयर अस्पताल में किया जा चुका है। रामकृष्ण केयर अस्पताल के मेंडिकल व मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे जी 35 वर्षों से भी अधिक अनुभवी व कुशल सर्जन के रूप में प्रतिष्ठित है और उनके साथ अनेकों अनुभवी व कुशल डॉक्टरों की टीम उपलब्ध है।

रामकृष्ण केयर में किडनी / यूरो विभाग के प्रमुख डॉक्टर्स डॉ. अजय पाराशर, डॉ. संजीव अनंत काले, डॉ. प्रवाश कुमार चौधरी, डॉ. हर्ष जैन एवं डॉ. मलय रंजन सारंगी ने कहा कि वे सभी लोगों की सफल किडनी ट्रान्सप्लॉट करते रहेंगे व् कई परिवारों को खुशियाँ बांटते रहेंगे। किडनी प्रत्यारोपण हेतु अन्य लोगों को राज्य से बाहर नहीं जाना पड़ेगा वे राज्य में ही बेहतर ईलाज कम खर्च पर करा सकते हैं, विश्व किडनी दिवस पर केयर कनेक्ट प्रोग्राम आयोजित किया गया, जिसमें ऐसे मरीज शामिल हुए जिनका किडनी ट्रान्सप्लॉट किया गया है एवं किडनी से संबंधित बीमारियों का इलाज किया गया।

# किसानों के खाते में राशि अंतरित करने से क्रय शक्ति में होगी वृद्धि



**रायपुर 14 मार्च।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स के विक्रम सिंह देव ने कहा है कि व्यापारी के साथ-साथ एक किसान होने के नाते मैं प्रदेश एवं केंद्र सरकार का अभिवादन करता हूं की देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी को पूरा करते हुए कृषक उन्नत योजना खरीफ के अंतर्गत प्रदेश के 24 लाख 72 हजार से अधिक किसानों के खाते में 13 हजार 320 करोड़ रूपए सहायता राशि के रूप में अंतरित किए जो प्रदेश के किसानों के सुदृढ़ीकरण एवं विकास को गति प्रदान करेगा। आज प्रदेश का किसान अत्यंत ही खुशहाल है एवं स्वयं पर गर्व करता है।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के इकोनॉमिक ग्रोथ में तेजी लाने हेतु यह मील का पत्थर साबित होगा। किसानों के जेब में पैसे जाने से उनकी क्रय शक्ति में वृद्धि होगी जो अंततः बाजार में आएगी। प्रदेश का किसान हमारे बाजार का सबसे बड़ा उपभोक्ता है, जिसके माध्यम से बाजार में पैसा आता है, आर्थिक गतिविधियां बढ़ती है जिससे शासन को अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होती है तथा प्रदेश, विकास रथ पर सवार हो अपने शिखर की ओर अग्रसर होती है। विकसित भारत की तर्ज पर विकसित छत्तीसगढ़ धीरे धीरे अपना मूर्त रूप ले रहा है।

# चेंबर प्रतिनिधि मंडल जीएसटी आयुक्त से मिला



**रायपुर 14 मार्च।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी के नेतृत्व में चेम्बर का प्रतिनिधि मंडल रजत बंसल जी (आई.ए.एस.), राज्य जीएसटी आयुक्त से मिलकर ओ.पी. चैधरी जी, वित्त, वाणिज्यिक कर मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन के नाम का ज्ञापन सौंपते हुए छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान अधिनियम, 2023 (सरल समाधान योजना) की तिथि को 30.06.2024 तक बढ़ाने का अनुरोध किया।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने पत्र के माध्यम से बताया कि बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान अधिनियम, 2023 (सरल समाधान योजना) के अतंर्गत बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति की निपटान हेतु अधिसूचना दिनांक 15.09.2023 को जारी किया गया है जिसकी अंतिम तिथि 31.03.2024 को है।

श्री पारवानी ने पत्र के माध्यम से माननीय वित्त, वाणिज्यिक कर मंत्री महोदय से अनुरोध किया है कि उक्त योजना में लगभग 8000 से 9000 प्रकरण शामिल हो गये हैं एवं हजारों प्रकरण अभी भी शामिल होने शेष है । मार्च माह में अत्यधिक अवकाश होने के कारण उक्त योजना में व्यवसायी भाग नही ले पा रहे हैं। अतः छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान अधिनियम, 2023 (सरल समाधान योजना) की तिथि को 30.06.2024 तक बढ़ाया जावे ताकि अधिक से अधिक व्यवसायी इस योजना का लाभ ले सकें।

इस अवसर पर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, प्रदेश प्रभारी आई.टी. सेल कैलाश खेमानी एवं टेक्नीकल टीम के सदस्य सी.ए. मुकेश मोटवानी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### पर्यटन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए छत्तीसगढ़ सरकार को मिला अवार्ड

**रायपुर 14 मार्च।** वर्ल्ड ट्रैवल और टूरिज्म काउंसिल इंडिया इनिशिएटिव ने पर्यटन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए छत्तीसगढ़ सरकार को अवार्ड दिया गया है। यह अवार्ड नई दिल्ली के होटल ललित में जी 20 शेरपा अमिताभ कांत और केंद्र सरकार के पर्यटन मंत्रालय की महानिदेशक श्रीमती मनीष सक्सेना ने प्रदान किया। डबल्यूटीटीसीआईआई ट्रैवल और पर्यटन क्षेत्र में कार्य करने वाली सबसे बड़ी संस्था है। इस मौके पर मेकमायट्रिप के फाउंडर चेयरमैन दीप कालरा, होटल ललित की चेयरपर्सन डॉ ज्योत्सना सूरी, पार्क ग्रुप की चेयरपर्सन प्रिया पॉल, रेडिसन ब्लू ग्रुप के सीईओ के बी काचरू सहित इस उद्योग से जुड़ी कई हस्तियां उपस्थित थीं। इस अवसर पर अमिताभ कांत ने कहा कि पिछले 10 वर्ष के दौरान देश में पर्यटन के लिए विश्व स्तरीय सुविधाओं का विकास हुआ है और अब अगली सदी भारत की है। छत्तीसगढ़ के संस्कृति, पर्यटन और शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के प्रतिनिधि के रूप में उनके विशेष कार्य अधिकारी अतुल सिंघल ने यह अवार्ड ग्रहण किया। मंत्री अग्रवाल ने कहा की छत्तीसगढ़ में अब डबल इंजन की सरकार है और पिछले 5 साल में के दौरान विकास की गति को ब्रेक लग गया था।

# प्रदेश के संविदा कर्मियों को 27 प्रतिशत वेतनवृद्धि का जल्द मिलेगा लाभ



**रायपुर 14 मार्च।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने एनएचएम के संविदा कर्मियों को आश्वस्त किया कि उन्हें 27 फीसदी वेतन वृद्धि का लाभ निश्चित रूप से दिया जाएगा. इसके साथ ही मंत्री ने अन्य राज्यों में हुए नियमितीकरण का अध्ययन करने के निर्देश एनएचएम एमडी को दिया है. स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ की महिला पदाधिकारियों ने मुलाकात कर 18 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा. स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने ज्ञापन पर त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए आश्वस्त किया कि 27 फीसदी वेतन वृद्धि का लाभ प्रदेश के सभी संविदा कर्मियों को दिलाये जाने के लिए प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है. उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत संविदाकर्मियों को निश्चित तौर पर इसका लाभ दिलाया जाएगा. छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के महिला पदाधिकारियों के ज्ञापन पर त्वरित कार्यवाही करने के लिए मंत्री ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन प्रबंध संचालक जगदीश सोनकर को निर्देशित किया. इस अवसर पर कर्मचारी संघ की महिला पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि तमिलनाडु और मणिपुर में एनएचएम संविदा कर्मियों का नियमितीकरण किया गया है. इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने एनएचएम एमडी को अन्य राज्यों में हुए नियमितीकरण का अध्ययन कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### प्रदेश के लगभग 67 लाख उपभोक्ता होंगे प्रभावित

# अंधेरे में रख बिजली बिल बढ़ाने का षड्यंत्र: बिस्सा



**रायपुर,14 मार्च।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता राजेश बिस्सा ने आरोप लगाया की राज्य नियामक आयोग वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिये लोगों को अंधेरे में रख बिजली बिल बढ़ाने की फिराक में है। नियामक आयोग ने टैरिफ बढ़ाने हेतु औपचारिक सुनवाई कर ली है। व्यापक प्रचार प्रसार न होने के कारण सुनवाई में सिर्फ 13-14 लोग ही पहुंचे पाये थे। जन सुनवाई का साधारण नियम है कि उसका औपचारिक नहीं बल्की व्यापक प्रचार प्रसार होना चाहिये जिससे की प्रत्येक उपभोक्ता तक यह बात पहुंच जाये। 11 और 12 मार्च को राज्य विद्युत नियामक आयोग में प्रदेश की तीनों प्रमुख विद्युत कंपनियों की याचिका पर जन सुनवाई थी, जिसमें वितरण कंपनियों ने 20-25त्न विद्युत दरें बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है।बिस्सा में कहा की नियामक आयोग द्वारा गुपचुप जन सुनवाई करना प्रदेशवासियों के साथ सरासर धोखाधड़ी है। बिजली की दरें लोक सभा चुनाव के तत्काल बाद बढ़ा दी जायेंगी इससे आम जनता, किसान, व्यापार और उद्योगों पर बहुत विपरीत प्रभाव पड़ेगा और मंहगाई में बेतहाशा वृद्धि होगी। बिस्सा ने कहा की नियामक आयोग को चाहिये की वो व्यापक प्रचार प्रसार कर पुनः जन-सुनवाई करे जिससे की आम जनमानस अपना पक्ष अच्छे से रख सके। साथ ही प्रदेश में एक ही स्थान अपने कार्यालय में जन-सुनवाई न रखते हुए प्रत्येक जिला मुख्यालय पर जन सुनवाई करे जिससे की प्रदेश का गरीब किसान व आम उपभोक्ता जन सुनवाई में शामिल हो सके।

### चुनाव प्रचार सामग्रियों की जानकारी देनी होगी

**रायपुर, 14 मार्च।** आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 की तैयारियों के संबंध में आज कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर जिले के विभिन्न प्रिंटरों और प्रकाशकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की गई। रेडक्रॉस सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री उमाशंकर बन्दे और मास्टर ट्रेनरों ने प्रिंटरों और मुद्रकों को लोकसभा निर्वाचन के दौरान छापी जाने वाली राजनैतिक प्रचार-प्रसार सामग्रियों के बारे में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी।

### हड़ताली कर्मचारियों की बर्खास्तगी की कार्रवाई शून्य घोषित

**रायपुर 14 मार्च।** हड़ताली कर्मचारियों को लेकर राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए हड़ताली कर्मचारियों की बर्खास्तगी की कार्रवाई को शून्य कर दिया है. वहीं हड़ताल अवधि का अवकाश स्वीकृत करते हुए वेतन की पेचिदगियों को दूर कर दिया है. बता दें कि स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने 11 अगस्त 2023 से लेकर 21 अगस्त 2023 तक अनिश्चितकालीन हड़ताल किया था. हड़ताल के दौरान कई कर्मचारियों के खिलाफ एस्मा के तहत कार्रवाई की गई. कई कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया, जबकि हड़ताल अवधि के वेतन का भी निर्धारित नहीं किया गया था।

# महिला दिवस पर निःशुल्क रक्त परीक्षण व चिकित्सकीय सलाह



**रायपुर 14 मार्च।** महिला चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल द्वारा महिलाओं हेतु 27 फरवरी से 5 मार्च 2024 तक रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें बड़ी संख्या में महिला सदस्यों ने पंजीयन कराकर रक्त परीक्षण शिविर का लाभ उठाया उसके पश्चात् उन्हें उक्त जांच रिपोर्ट सौंपी गई थी। श्रीमती अरोरा ने बताया कि उपरोक्त रक्त परीक्षण पर आधारित परामर्श कार्यक्रम कल दिनांक 13 मार्च 2024, बुधवार को एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल में दोपहर 3:30 बजे से शाम 6.00 बजे तक आयोजित की गई थी, जहां सदस्य महिलाओं को उनके रिपोर्ट के आधार पर परामर्शदात्री समिति डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क चिकित्सा जांच और स्वास्थ संबंधी परामर्श दिए गये। महिला चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा ने बताया कि इस अवसर पर डॉ. वेरोनिका युएल, डॉ.नेहा जायसवाल, डॉ. सिद्धार्थ साहू, डॉ.मीरा बघेल, डॉ इला गुप्ता, निधि पांडे, नेहा मानेक, प्रज्ञा त्रिवेदी, रवि भगत, संतोष लिहारे ने निःशुल्क चिकित्सा जांच की।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26